प्रयागराज, कानपुर रायबरेली, कौशम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश से प्रसारित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

उ0प्र0 सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

फतेहपुर एवं लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

वर्ष : 14 अंक : 357 | गुरुवार 18 दिसम्बर, 2025 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया

## मस्कट में आज भारत-ओमान एफटीए पर मुहर

### पीएम मोदी की मौजूदगी में होगे हस्ताक्षर

(एजेंसी) नयी दिल्ली। भारत और ओमान दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बृहस्पतिवार को मस्कट में एक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस समझौते पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए जाएंगे, जो तीन देशों की चार दिवसीय यात्रा पर हैं। मोदी मंगलवार को जॉर्डन से इथियोपिया पहुंचे और अदीस अबाबा से ओमान के लिए रवाना होंगे। अधिकारी ने बताया कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए मस्कट पहुंच चुके हैं। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल भी ओमान पहुंचेंगे। मुक्त व्यापार समझौते को आधिकारिक तौर पर व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) कहा जाता है। इस पर बातचीत औपचारिक रूप से नवंबर 2023 में शुरू हुई जो इस वर्ष संपन्न हो गई। इस प्रकार के समझौते में दो व्यापारिक साझेदार अपने बीच व्यापार की जाने वाली वस्तुओं की अधिकतम संख्या पर सीमा शुल्क को काफी हद तक कम कर देते हैं या समाप्त कर देते हैं। वे सेवाओं में व्यापार को बढ़ावा देने और निवेश आकर्षित करने के लिए नियमों में ढील भी देते हैं। खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) देशों में ओमान भारत के लिए तीसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है। भारत का पहले से ही जीसीसी के एक अन्य सदस्य देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ इसी तरह का समझौता है जो मई 2022 में लागू हुआ था। भारत और कतर भी जल्द ही व्यापार समझौते के लिए बातचीत शुरू करेंगे। वित्त वर्ष 2024–25 में भारत–ओमान का द्विपक्षीय व्यापार करीब 10.5 अरब अमेरिकी डॉलर (निर्यात चार अरब अमेरिकी डॉलर और आयात 6.54 अरब अमेरिकी डॉलर) था। भारत के प्रमुख आयात पेट्रोलियम उत्पाद और यूरिया हैं जिनकी कुल आयात में हिस्सेदारी 70 प्रतिशत से अधिक है। अन्य प्रमुख उत्पादों में प्रोपलीन और एथिलीन पॉलिमर, पेट कोक, जिप्सम, रसायन, लोहा और इस्पात तथा अपरिष्कृत एल्युमीनियम शामिल हैं। ओमान को होने वाले भारतीय निर्यात का लगभग 16.5 प्रतिशत हिस्सा उन वस्तुओं का निर्यात है जिन पर पहले से ही शुल्क–मुक्त पहुंच है। इन वस्तुओं में गेहूं बासमती चावल, फल, सब्जियां, दवाएं, मछली, चाय और कॉफी शामिल हैं। इस 16.5 प्रतिशत हिस्सेदारी के निर्यात की कीमत करीब 80 करोड़ अमेरिकी डॉलर है।



## आरजी कर रेप मामला: सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाई कोर्ट को ट्रांसफर किया केस, बेंच का निर्देश- जांच की स्टेटस रिपोर्ट पीड़ित परिवार को सौंपी जाए

(एजेंसी) नयी दिल्ली। कोलकाता स्थित आरजी कर मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल में ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुए रेप और हत्या के मामले में अब सुप्रीम कोर्ट सुनवाई नहीं करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने इस केस से जुड़े सभी लंबित मामलों को कलकत्ता हाई कोर्ट को ट्रांसफर करने का फैसला सुनाया है। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की दो याधीशों वाली बेंच ने कहा कि इस संवेदनशील मामले की जांच की मॉनिटरिंग नेशनल टास्क फोर्स (एनटीएफ) के गठन सहित अन्य सभी मुद्दों पर अब कलकत्ता हाई कोर्ट ही फैसला करेगा। कोर्ट ने कहा कि चूंकि हाई कोर्ट इस केस की निगरानी पहले से कर रहा है, इसलिए आगे की कार्यवाही वहीं अधिक प्रभावी ढंग से हो सकती है। बेंच ने यह भी निर्देश दिया कि सीबीआई द्वारा की गई जांच की स्टेटस रिपोर्ट की एक प्रति पीड़िता के माता–पिता को सौंपी जाए, ताकि उन्हें जांच की प्रगति की जानकारी मिल सके। सुप्रीम कोर्ट का मानना है कि पारदर्शिता और न्याय सुनिश्चित करने के लिए यह कदम आवश्यक है। गौरतलब है कि आरजी कर मेडिकल कॉलेज में हुई इस जघनन वारदात के बाद पूरे देश में आक्रोश फैल गया था। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वतः संज्ञान लेते हुए केस सुनवाई शुरू की थी।बता दें कि 9 अगस्त 2024 को आरजी कर मेडिकल कॉलेज के सेमिनार हॉल से पोस्ट–ग्रेजुएट ट्रेनी डॉक्टर का शव बरामद हुआ था। मामला सामने आने के बाद पश्चिम बंगाल समेत पूरे देश में आक्रोश देखा गया था। देशभर के डॉक्टरों से लेकर आम नागरिकों और महिला संगठनों ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किए थे। इस मामले में सिविक वॉलंटियर संजय रॉय को अदालत ने दोषी ठहराया और उम्रकैद की सजा सुनाई थी, लेकिन एक साल बाद भी केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) इस अपराध के पीछे की बड़ी साजिश की जांच पूरी नहीं कर पाया है।



## भाजपा प्रवक्ता ने आरोप लगाया, “इसका मुकदमा अब भी चल रहा है सोनिया गांधी अब भी आरोपी नंबर-1 हैं और राहुल गांधी आरोपी

(एजेंसी) नयी दिल्ली। टोल नाकों पर विवाद और मारपीट की घटनाएं होने की बात स्वीकार करते हुए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि अब यहां कैमरे लगने के कारण कोई व्यक्ति नहीं रहेगा, जिससे विवाद की आशंका समाप्त हो जाएगी। गडकरी ने राज्यसभा में पूरक प्रश्नों के जवाब में यह बात कही। उन्होंने कहा, ''अभी कोई व्यक्ति नहीं खड़ा रहेगा टोल नाकों पर। कोई रोकेगा नहीं, कोई टोकेगा नहीं, कोई झगड़ेगा नहीं, कोई गुंडागर्दी नहीं।''उन्होंने कहा कि वहां कैमरा काम करेगा और एक प्रकार से यह समस्या समाप्त हो जाएगी। भारतीय जनता पार्टी के लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने उनसे प्रश्न पूछा कि टोल नाकों पर होने वाली हिंसक घटनाओं और झगड़ों को रोकने के लिए क्या उपाय किए गए हैं? इसके जवाब में गडकरी ने स्वीकार किया कि टोल नाकों पर पहलवान और विशेष तरह के लोग रहते थे। उन्होंने स्वीकार किया कि ऐसे लोग, ''गुंडागर्दी करते थे, जबरदस्ती करते थे, लाठियां मारते थे, अपमानजनक व्यवहार करते थे...यह सच है। अब इन सब की छुट्टी हो जाएगी। अब कोई दिखेगा नहीं, आप चिंता मत करिए।'' गडकरी ने टैग योजना के बारे में पूछे गये एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि देश में करीब एक हजार टोल नाके हैं जहां पहले नकदी से लेनदेन होता था और फिर फास्ट टैग व्यवस्था शुरू की गयी। उन्होंने कहा कि अब मल्टी लेयर व्यवस्था की शुरुआत हो रही है। उन्होंने कहा कि इस नयी व्यवस्था के लिए दस अनुबंध दिये गये हैं और दस अभी प्रक्रियागत हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने तय किया है कि दिसंबर 2026 तक पूरे देश में यह व्यवस्था लागू कर दी जाएगी। परिवहन मंत्री ने कहा कि फास्ट टैग से संबंधित धोखाधड़ी के 6,725 मामले सामने आये हैं। उन्होंने कहा कि अभी सरकार ने 'एक वाहन, एक फास्ट टैग' की नीति शुरू की है, फिर इसमें नंबर प्लेट को भी जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि इस नयी नीति के कारण किसी वाहन के लिए फास्ट टैग लेना और उससे कोई अन्य वाहन टोल से निकल जाने की घटनाएं बहुत ही कम हो गयी हैं।



## नेशनल हेराल्ड मामले का ट्रायल जारी है, इसमें सोनिया गांधी आरोपी नंबर 1, राहुल गांधी आरोपी नंबर 2 अभी भी हैं : भाजपा

(एजेंसी) नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी को कोई राहत नहीं मिली है। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुये यह दावा किया कि नेशनल हेराल्ड मामले का ट्रायल जारी है, इस मामले में सोनिया गांधी आरोपी नंबर एक हैं और राहुल गांधी आरोपी नंबर दो अभी भी हैं।भाटिया ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में धोखाधड़ी मामले में सुनवाई जारी है। इस मामले में ट्रायल जारी है और इस मामले में 7 साल की सजा संभव है। उन्होंने कहा कि आज इस मामले में जब कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से पत्रकार बंधुओं ने यह सवाल प्रेसवार्ता में पूछा, तो न मल्लिकार्जुन खरगे जी के पास इसका कोई उत्तर था और न ही अभिषेक मनु सिंघवी के पास इसका कोई उत्तर नहीं था। भाटिया ने गांधी परिवार को नकली गांधी परिवार होने का आरोप लगाते हुये कहा कि यह केवल फरेब, धोखा और राजनीतिक एजेंडे पर ही जीवित रहता है। उन्होंने कहा कि इस नेशनल हेराल्ड में दो मामले हैं, पहला मामला एक का है, जिसमें धारा 403, 406 और 420 के आरोप गांधी और राहुल गांधी पर लगे हैं। इस मामले का ट्रायल अभी भी चल रहा है। दूसरा तथ्य यह है कि 420 का यह मामला नेशनल हेराल्ड की दो हजार करोड़ रुपये की जो इन्होंने हड़पी है, इसमें सात साल की सजा का प्रावधान है और ये मामला अभी चल रहा है। यह बात कांग्रेस किसी को बता नहीं रही है।भाटिया ने कहा कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी इस ट्रायल में आरोपी हैं और आज भी वे 420 के इस मामले में जमानत पर बाहर है। उन्होंने कहा कि इस मामले में आरोपी तीन सदस्य सोनिया गांधी, राहुल गांधी और रॉबर्ट वाड्रा जमानत पर बाहर हैं।



## केंद्र सरकार राजनीतिक प्रतिशोध के लिए कांग्रेस के शीर्ष नेताओं को बना रही निशाना : खरगे

(एजेंसी) नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ चल रही कानूनी कार्यवाही को सुनियोजित राजनीतिक प्रतिशोध करार दिया। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने एक महत्वपूर्ण अदालती फैसले के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि गांधी परिवार के सामने जो कानूनी चुनौतियां पेश की जा रही हैं, उनमें कोई दम नहीं है और वे विशेष रूप से राजनीतिक विरोधियों को परेशान करने के लिए बनाई गई हैं। दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत ने मंगलवार को नेशनल हेराल्ड मामले में वरिष्ठ नेताओं सोनिया गांधी, राहुल गांधी एवं पांच अन्य के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के धन शोधन के आरोपों पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया था। खरगे ने इस बात पर जोर दिया कि कार्यवाही के शुरुआती चरणों में प्राथमिकी का न होना यह साबित करता है कि आरोप पूरी तरह बेबुनियाद है। श्री खरगे ने कहा, वे (केन्द्र सरकार) यह सब राजनीतिक प्रतिशोध के लिए कर रही है। यह केस सिर्फ गांधी परिवार को परेशान करने के लिए है। इस मामले में कोई प्राथमिकी नहीं है। हमारा नारा सत्यमेव जयते है और हम इस मामले में आए फैसले का स्वागत करते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष की यह टिप्पणी पार्टी के शीर्ष नेताओं से जुड़े लंबे समय से चल रहे एक कानूनी विवाद के बीच आई है। हालांकि इस विशिष्ट फैसले ने पार्टी को राहत या दी है, लेकिन श्री खरगे ने तुरंत इसे व्यापक संदर्भ से जोड़ते हुए कहा कि सत्ता पक्ष विपक्षी दलों को दबाने के लिए जांच एजेंसियों का इस्तेमाल कर रहा है। यह मामला पिछले कई वर्षों से भारतीय राजनीति में विवाद का केंद्र रहा है। यह कांग्रेस से जुड़ी संस्थाओं में वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों पर आधारित है। जहां सरकार और जांच एजेंसियां यह कहती रही हैं कि वे केवल कानून के शासन का पालन कर रही हैं, वहीं कांग्रेस पार्टी लगातार इस जांच को प्रक्रियात्मक अत्याचार बताती रही है। कांग्रेस नेताओं ने अक्सर इस बात की ओर इशारा किया है कि ईडी ने औपचारिक प्राथमिकी के बजाय निजी शिकायतों के आधार पर जांच शुरू की थी। पार्टी का आरोप है कि समन और अदालती कार्यवाही का समय अक्सर बड़े चुनावों या संसदीय सत्रों के साथ मेल खाता है। श्री खरगे के कड़े रुख से संकेत मिलता है कि पार्टी इन कानूनी बाधाओं को श्सत्य और न्यायश के लिए एक जन–आंदोलन बनाने की रणनीति पर काम कर रही है। कांग्रेस अध्यक्ष ने श्सत्यमेव जयतेश का आह्वान करते हुए इस कानूनी जीत और पार्टी के व्यापक संघर्ष को सरकारी शक्ति के दुरुपयोग के खिलाफ एक नैतिक लड़ाई के रूप में पेश करने की कोशिश की।



### कांग्रेस सांसदों ने हेराल्ड मामले पर संसद परिसर में किया प्रदर्शन, प्रधानमंती का इस्तीफा मांगा

(एजेंसी) नयी दिल्ली। कांग्रेस सांसदों ने 'नेशनल हेराल्ड' मामले में सोनिया गांधी, राहुल गांधी और पांच अन्य के खिलाफ दर्ज धन शोधन मामले में ईडी के आरोप पत्र पर संज्ञान लेने से अदालत के इनकार के बाद बुधवार को संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से माफी एवं इस्तीफे की मांग की। कांग्रेस सांसदों ने संसद के मकर द्वार के निकट प्रदर्शन किया। उन्होंने एक बड़ा बैनर ले रखा था जिस पर श्सत्यमेव जयतेश लिखा हुआ था। उन्होंने श्प्रधानमंत्री माफी मांगो और प्रधानमंत्री इस्तीफा दो के नारे लगाए। दिल्ली की एक अदालत ने 'नेशनल हेराल्ड' मामले में कांग्रेस नेताओं राहुल गांधी, सोनिया गांधी और पांच अन्य के खिलाफ दर्ज धन शोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के आरोपपत्र पर संज्ञान लेने से मंगलवार को इनकार कर दिया। अदालत ने कहा इस मामले में दाखिल आरोप–पत्र एक निजी व्यक्ति की शिकायत पर की गई जांच पर आधारित है, न कि किसी मूल अपराध से संबंधित प्राथमिकी पर।

## पीएसी का 78 वर्ष का इतिहास अनुशासन, शौर्य, त्याग व समर्पण से परिपूर्ण रहा है : योगी आदित्यनाथ

(एजेंसी) लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि प्रांतीय सशस्त्र कांस्टेबुलरी (पीएसी) बल का 78 वर्ष का इतिहास अनुशासन, शौर्य, त्याग व समर्पण से परिपूर्ण रहा है। उन्होंने उत्तर प्रदेश पीएसी के स्थापना दिवस समारोह की शुरुआत के अवसर पर जवानों से अपील की कि साहस, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा, व्यावसायिक दक्षता व कठिन प्रशिक्षण ही उनकी पहचान बननी चाहिए। आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार आश्वस्त करती है कि उन्हें मिलने वाले सम्मान व सरकारी सुविधाओं में निरंतर वृद्धि होती रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा, "उत्तर प्रदेश में आत्मविश्वास का प्रमुख कारण कानून का राज है। कानून का राज ही सुशासन की गारंटी दे सकता है। सुशासन में ही निवेश सुरक्षित हो सकता है और सुरक्षित निवेश ही युवाओं की आकांक्षाओं की पूर्ति का माध्यम बन सकता है।" एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने पीएसी द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन व अवलोकन किया। उन्होंने 78 वर्ष के गौरवशाली इतिहास के लिए पीएसी को बधाई दी। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पीएसी आंतरिक सुरक्षा, कानून व्यवस्था, आपदा प्रबंधन, प्रदेश में महत्वपूर्ण त्योहारों, अतिविशिष्ट व्यक्तियों के आगमन और शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव सुनिश्चित करने के साथ ही संवेदनशील परिस्थितियों में अग्रिम मोर्चे पर कार्य करता है। मुख्यमंत्री ने पीएसी के अदम्य साहस का उल्लेख करते हुए बताया कि 30वीं वाहिनी पीएसी के जवानों ने 13 दिसंबर 2001 को संसद पर हुए आतंकी हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया और पांचों आतंकवादियों को मुठभेड़ में मार गिराया। उन्होंने कहा कि जुलाई 2005 में अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि परिसर पर आतंकी हमले के दौरान सीआरपीएफ, पीएसी और उत्तर प्रदेश पुलिस की संयुक्त टीम ने सभी आतंकियों को मार गिराया था। आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने पीएसी की 46 कंपनियों को पुनर्जीवित करते हुए राज्य में बेहतर कानून–व्यवस्था बनाए रखी है और आंतरिक सुरक्षा के माध्यम से उत्तर प्रदेश की बेहतर छवि को देश के सामने प्रस्तुत करने में सफलता हासिल की।



## नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर बोले गौरव भाटिया, अदालत ने मामला रद्द नहीं किया, कांग्रेस जनता को गुमराह कर रही

(एजेंसी) नयी दिल्ली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को कांग्रेस पर नेशनल हेराल्ड मामले में निचली अदालत के फैसले को लेकर भ्रामक प्रचार करने का आरोप लगाया और कहा कि अदालत ने शिकायत का संज्ञान लेने से इनकार कर दिया लेकिन मामले को रद्द नहीं किया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने दावा किया कि यह मामला अब भी दिल्ली उच्च न्यायालय में विचाराधीन है और निचली अदालत ने मंगलवार को अपने आदेश में कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अपनी जांच जारी रख सकता है। भाटिया ने यहां भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, "अदालत ने कल (मंगलवार) कहा कि चूंकि यह एक निजी शिकायत है और कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है इसलिए वह इसका संज्ञान नहीं लेगी। यह एक तकनीकी मामला है। अदालत ने यह भी कहा कि ईडी अपनी जांच आगे जारी रख सकती है। अदालत ने इसे रद्द नहीं किया है।"

# सम्पादकीय

## वोट चोरी के मुद्दे पर उमर अब्दुल्ला के अलग सुर

गौरतलब है कि देश की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस अपने नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में लंबे समय से वोट चोरी का मुद्दा उठा रही है। मैं नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि देश के विभिन्न



नफीस जाफरी

राज्यों में एसआईआर की प्रक्रिया जैसे–जैसे हो रही आगे बढ़ रही है, वैसे–वैसे इंडिया गठबंधन में शामिल चाहे वह पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ तृणमूल कांग्रेस हो या फिर उत्तर प्रदेश की प्रमुख विपक्षी पाटी समाजवादी पार्टी क्रमशः मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और अखिलेश यादव के नेतृत्व में एसआईआर प्रक्रिया का विरोध करते हुए भाजपा और निर्वाचन आयोग की मंशा पर सवाल उठा रहे हैं। वहीं इससे पूर्व में लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी कई बार प्रेस कॉफ्रेंस कर निर्वाचन आयोग और चुनावी प्रक्रिया पर कई सवाल उठा चुके हैं। पिछले सप्ताह लोकसभा में एसआईआर और वोट चोरी को लेकर लंबी बहस भी हुई थी। विपक्ष के सवालों का जवाब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिया था। लेकिन सदन में हुई बहस के बाद भी कांग्रेस वोट चोरी के मुद्दे पर आगे बढ़ती हुई नजर आ रही है। बीते रविवार को वोट चोरी के मुद्दे पर दिल्ली के रामलीला मैदान राहुल गांधी के नेतृत्व में बड़ी रैली हुई थी। लेकिन वोट चोरी के मुद्दे पर कांग्रेस के सहयोगी दल अलग राय रख रहे हैं। विदित हो कि जम्मू–कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कांग्रेस द्वारा उठाए गए वोट चोरी के मुद्दे से खुद को अलग कर लिया और कहा कि विपक्षी दलों के गठबंधन "इंडिया" का इससे कोई लेना–देना नहीं है। " जैसा कि उल्लेखनीय है कि इससे एक दिन पहले कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने राष्ट्रीय राजधानी में वोट चोर गद्दी छोड़ रैली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और निर्वाचन आयुक्तों पर हमला करते हुए आरोप लगाया कि वोट चोरी सत्ताधारी पार्टी के क्छ। में है और उसके नेता गद्दार हैं जो लोगों के मतदान के अधिकार को छीनने की साजिश रच रहे हैं और उन्हें सत्ता से हटाया जाना चाहिए।

जहां तक नेशनल कॉन्फ्रेंस का सवाल है तो उमर अब्दुल्ला की नेशनल कॉन्फ्रेंस विपक्षी 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस ('इंडिया) गठबंधन में एक घटक है। लोकसभा में विपक्षी सांसदों की संख्या के हिसाब से कांग्रेस गठबंधन की सबसे बड़ी पार्टी है। कांग्रेस द्वारा उठाए जा रहे "वोट चोरी" और कथित चुनावी अनियमितताओं के मुद्दे पर टिप्पणी करने के लिए कहे जाने पर अब्दुल्ला ने कहा, "'इंडियाश गठबंधन का इससे कोई लेना–देना नहीं है। हर राजनीतिक दल को अपना एजेंडा तय करने की स्वतंत्रता है। कांग्रेस ने वोट चोरी और एसआईआर (मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण) को अपना मुख्य मुद्दा बनाया है। हम उन्हें कुछ कहने वाले कौन होते हैं?"

दूसरी ओर कांग्रेस ने दावा किया है कि उसने वोट चोरी के खिलाफ लगभग छह करोड़ हस्ताक्षर एकत्र किए हैं और वह इन्हें भारत के राष्ट्रपति को सौंपेगी। अब देखना है कि वोट चोरी के मुद्दे पर कांग्रेस से अलग राय रखने वाली नेशनल कॉफ्रेंस का अगला रुख क्या होता है? क्या अब्दुल्ला की देखरेख में दूसरे विपक्षी नेता भी वोट चोरी के मुद्दे पर कांग्रेस से अलग राय रखेंगे।

## द्वितीय चरण में 56 व्यापारियों को बनाया सदस्य

### – मवई व्यापार मंडल का सदस्यता अभियान जारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। उद्योग व्यापार मण्डल उत्तर प्रदेश के संस्थापक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा व जिलाध्यक्ष अनिल वर्मा के निर्देशानुसार



संबद्ध इकाई मवई व्यापार मण्डल के अध्यक्ष सोनू अग्रहरि ने कस्बा मवई में द्वितीय चरण का सदस्यता अभियान चलाकर 56 व्यापारियों को संगठन का सदस्य बनाया। अध्यक्ष सोनू अग्रहरि ने कहा कि शीघ्र ही मवई व्यापार मण्डल ग्राम मवई के आस पास समस्त उपग्रामों में इकाई मनोनीत करेगा। ताकि ग्रामों के व्यापारियों की भी समस्याओं का समाधान किया जा सके। महामंत्री शत्रुघ्न साहू ने कहा कि पंचम चरण तक सदस्यता अभियान चलाकर 500 व्यापारियों को संगठन का सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित है जिसे शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। इस अवसर पर महामंत्री शत्रुघ्न साहू, रवि अग्निहोत्री, पिंटू अग्रहरि, रोहित लाल, योगेश सोनी, पप्पू अग्रहरि उपस्थित रहे।

## ई-रिक्शा पलटने से महिला घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के छीछा रोड के समीप अचानक सामने आ रहे साइकिल सवार राहगीर को बचाने के प्रयास में ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे ई–रिक्शे में सवार महिला घायल हो गई। घायल महिला को इलाज के लिए 108 सरकारी एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया।

जानकारी के अनुसार बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के छीछा गाँव निवासी प्रेमा पत्नी कमलेश 50 वर्ष ई–रिक्शा में सवार होकर शहर आ रही थी। जब ई–रिक्शा गांव के समीप पहुंचा तभी अचानक साइकिल सवार सामने आ गया। उसको बचाने के प्रयास ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना की सूचना सरकारी 108 एंबुलेंस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे एंबुलेंस कर्मचारी उमेश कुमार ने घायल महिला को इलाज के लिए समुदाय स्वास्थ्य केंद्र बिन्दकी में भर्ती कराया। जहा डॉक्टरों द्वारा प्रेमा की हालत गंभीर बताते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां ड्यूटी में कार्यरत डॉक्टर प्रेमा का उपचार कर रहे हैं।

# प्रियंका-पीके की मुलाकात क्या कुछ नए की तैयारी?



गुलफिशा खान

बिहार चुनाव में मनमाफिक प्रदर्शन नहीं कर पाने के बाद जन सुराज के नेता प्रशांत किशोर इन दिनों क्या कर रहे हैं? इसकी सार्वजनिक जानकारी बहुत कम सामने आई है। चुनाव परिणाम के बाद पीके प्रेस कॉफ्रेंस कर अपनी बातें रखी थी, फिर उन्होंने एक दिन का उपवास रखा और कहा कि अब वो फिर से बिहार के गांव–गांव का दौरा करेंगे। हालांकि इसके बाद से पीके लगभग गायब हो गए। सूत्रों का कहना है कि हो सकता है कि प्रशांत किसी दूसरे प्लान पर काम कर रहे हों। लेकिन इसको लेकर कोई पुख्ता जानकारी अभी निकलकर नहीं आई है। बिहार चुनाव में हार के बाद प्रशांत किशोर ने मीडिया के साथ बातचीत में कहा था कि वो अभी राज्य में ही रहेंगे और यहां के लोगों से कनेक्ट करने की कोशिश करते रहें। ये सवाल सियासी गलियारे में इसलिए भी उठ रहा है क्योंकि उनकी कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी से मुलाकात की खबरें हैं। हालांकि, प्रशांत खेमा इस बात से साफ इनकार कर रहा है लेकिन प्रियंका गांधी की तरफ से मुलाकात से इनकार की कोई खबर नहीं आई है। वैसे भी राजनीति में कब क्या हो जाए कहना मुश्किल है। प्रशांत पहले भी कांग्रेस के लिए काम कर चुके हैं तो हो सकता है कि उनके जेहन में कुछ ख्यालात चल रहे हों। राजनीति को संभावनाओं का खेल कहा जाता है। पीके पहले भी कांग्रेस के साथ काम कर चुके हैं। एक वक्त तो उनको पार्टी में शामिल करने की बात भी चल रही थी लेकिन किन्ही कारणों से बात बन नहीं पाई। प्रियंका से मुलाकात की खबरों के बाद सियासी संभावनाओं को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं।

अब जबकि खबर ये आई कि दिल्ली में प्रशांत किशोर और प्रियंका गांधी की मुलाकात 10 जनपथ पर हुई है। आधिकारिक तौर पर जब इस मुलाकात के बारे में प्रियंका गांधी से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मैं किससे मिलती हूं, किससे नहीं? इसमें किसी की दिलचस्पी नहीं होनी चाहिए। संसद में जब





पत्रकारों ने प्रियंका गांधी से पीके से मुलाकात को लेकर सवाल पूछा तो उन्होंने कहा ये कोई न्यूज है? देश में इतनी समस्याएं हैं, वायु प्रदूषण पर हम चर्चा की मांग कर रहे हैं और आप इस तरह के सवाल पूछ रहे हैं। प्रियंका गांधी ने आगे कहा– आप ये सवाल क्यों नहीं पूछते कि मौजूदा मंत्री संसद की कार्यवाही में बाधा बन रहे हैं. आप इसको लेकर सवाल नहीं पूछेंगे कि संसद के अंदर क्या हो रहा है? कहने का मतलब है कि प्रियंका यदि चाहती तो इस मुलाकात की बात को सिरे से खारिज भी कर सकती थी। मगर उन्होंने ऐसा नहीं कहा। उधर प्रशांत किशोर से संपर्क किया गया तो उनसे करीबी सूत्रों ने बताया कि बिहार चुनाव के बाद प्रशांत किशोर बिहार से बाहर गए ही नहीं तो मीटिंग का सवाल ही नहीं उठता। पीके की टीम का कहना है कि कही से किसी ने एक खबर चलाई बाकियों ने अटकलें लगानी शुरू कर दी। संसद से निकलते वक्त प्रियंका गांधी से जब दुबारा पूछा गया कि क्या उनकी प्रशांत किशोर से मुलाकात हुई है तो उन्होंने मना नहीं किया मगर ये कहा कि ये भी कोई खबर है। यानि दाल में कुछ काला है, जिसे प्रियंका और प्रशांत किशोर खुल कर मना नहीं कर रहे हैं।

विदित हो कि बिहार चुनाव में प्रशांत किशोर की पार्टी एक भी सीट नहीं जीत पाई। पीके ने बिहार चुनाव में सभी सीटों पर लड़ने का फैसला किया, खूब मेहनत भी किया। नए तरह के उम्मीदवार उतारे और राजनीति की नई इबादत लिखने की कोशिश की, मगर सफलता हाथ नहीं लगी। दूसरी तरफ कांग्रेस भी महागठबंधन के साथ रही. राहुल गांधी ने वोट अधिकार यात्रा की, खूब प्रचार हुआ लेकिन नतीजा कुछ और ही निकला। यही नहीं, 238 में से उसके 236 उम्मीदवार जमानत तक नहीं बचा सके। रीतेश पांडे, के सी सिन्हा और सरफराज आलम जैसे उनके दिग्गज चेहरे भी तीसरे नंबर पर ही रहे थे। पार्टी को कुल 2 फीसदी के आसपास वोट मिले। यानी लंबे समय से बिहार चुनाव के लिए तैयारी कर रहे प्रशांत को राज्य में अपेक्षित सफलता मिली नहीं। अब बिहार का अगला विधानसभा चुनाव 2030 में संभावित है। उससे पहले 2029 में लोकसभा के चुनाव होंगे। तबतक हो सकता है प्रशांत कोई नया दांव चले। हालांकि, ये सब भविष्य के गर्भ में हैं क्योंकि जैसा कि उल्लेखनीय है कि प्रशांत की पार्टी ने उनके प्रियंका से मिलने के खबर की पुष्टि नहीं की है। हालांकि हमारे सूत्र बताते हैं कि मुलाकात हुई है और आगे के राजनीतिक संभावनाओं पर बातचीत हुई है। फिर ये सवाल है कि पीके जो अभी तक रणनीतिकार हुआ करते थे, परदे के पीछे रहते थे, उन्होंने परदे के आगे आकर भी देख लिया और असफल रहे। बिहार में एक भी सीट नहीं जीत पाए और बहुत जगह जमानत भी नहीं बची। वहीं कांग्रेस की भी बिहार में हालत बहुत खराब रही 19 सीट से 6 पर आ गए, ऐसे में लगता है कि दोनों ने मिलकर जरूर कोई रणनीति पर काम करना शुरू किया है। जिसका खुलासा आने वाले दिनों में होगा। पीके की कंपनी राजनैतिक दलों को सेवाएं देती है, उसमें काफी सफल रही है। मगर उत्तर प्रदेश में राहुल गांधी और अखिलेश यादव को साथ लाकर भी वो कुछ नहीं कर पाए। वहीं बिहार में खुद सफल नहीं रहे। देखते हैं प्रियंका और प्रशांत की यह बैठक आगे आने वाले दिनों में क्या गुल खिलाएगी?

# मनरेगा में महात्मा गांधी की जगह आए राम, छिड़ गया सियासी संग्राम



शबाब हुसैन

केंद्र सरकार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून को खत्म कर उसकी जगह नया ग्रामीण रोजगार कानून लाने की तैयारी में है। नये कानून विकसित भारत–गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण), जिसे शॉर्ट में टठ–ळ ट।ड ळ कहा जा रहा है। हालांकि विपक्ष की तरफ से इसे महात्मा गांधी के नाम को हटाए जाने की योजना बतायी जा रही है। इस मुद्दे पर संसद में अपनी बात रखते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि महात्मा गांधी जी मेरे परिवार के नहीं थे लेकिन मेरे परिवार जैसे ही हैं। वो पूरे देश के लिए परिवार जैसे ही हैं। प्रियंका गांधी ने कहा कि बिल में रोजगार की कानूनी गारंटी कमजोर की जा रही है। मनरेगा पर फंड मांग पर आधारित होती है जबकि नए क़ानून में यह पूर्व निर्धारित होगा। उन्होंने कहा कि बिल संविधान की मूल भावना के ख़िलाफ़ है। मनरेगा में 90 फ़ीसदी अनुदान केंद्र देता था जो घट कर 60 फ़ीसदी कर दिया गया है इससे राज्यों की परेशानी बढ़ गयी है। प्रियंका गांधी ने कहा कि काम के दिन बढ़ा रहे लेकिन मेहनताना नहीं बढ़ रहा है। योजना का नाम बदलने की सनक समझ में नहीं आती, इससे खर्च बढ़ता है. बिल वापस लिया जाए, स्थाई समिति में भेजा जाए। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, ''जब भी किसी योजना का नाम बदला जाता है, तो कार्यालयों, स्टेशनरी में बहुत सारे बदलाव करने पड़ते हैं...जिसके लिए पैसा खर्च किया जाता है। तो, क्या फायदा है? ऐसा क्यों किया जा रहा है? उन्होंने कहा, ''महात्मा गांधी का नाम क्यों हटाया जा रहा है। महात्मा गांधी न केवल देश में, बल्कि दुनिया में सबसे बड़े नेता माने जाते हैं। इसलिए उनका नाम हटाना, मुझे वास्तव में समझ में नहीं आता कि उद्देश्य क्या है. उनका (सरकार) इरादा क्या है?

दरअसल संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान लाए नए विकसित भारत–गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) बिल पर विपक्ष लामबंद होता नज़र आ रहा है। ये पहला मुद्दा है जिसपर अधिकतर विपक्षी दल एकजुट दिखाई दे रहे हैं। कांग्रेस ने मनरेगा के स्थान पर केंद्र सरकार द्वारा नया कानून बनाने की तैयारियों के बीच दावा किया कि इस योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाया जाना यह दिखाता है कि बापू के प्रति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्रेम







दिखावटी है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि यह मनरेगा को खत्म करने की साजिश है और सरकार का यह कदम महात्मा गांधी का अपमान है। खरगे ने 'एक्स पर पोस्ट किया, ''यह केवल महात्मा गांधी नरेगा का नाम बदलने की बात नहीं है। यह भाजपा–आरएसएस की मनरेगा को ख़त्म करनी साज़िश है। संघ के सौ साल पर गांधी का नाम मिटाना ये दिखाता है कि जो मोदी जी विदेशी धरती पर बापू को फूल चढ़ाते हैं, वो कितने खोखले और दिखावटी हैं। उन्होंने कहा कि जो सरकार ग़रीब के हक़ से चिढ़ती हो, वही मनरेगा पर वार करती है। खरगे ने कहा, ''इस अहंकारी सत्ता के ग़रीब और मज़दूर विरोधी किसी भी निर्णय का कांग्रेस पार्टी संसद और सड़क पर पुरज़ोर विरोध करेगी। हम सत्ता को करोड़ों ग़रीब, मज़दूरों और कामगारों के हकों को छीनने नहीं देगें। वहीं, शशि थरूर ने भी प्रतिक्रिया दी है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलने को लेकर उठे विवाद को "दुर्भाग्यपूर्ण" करार दिया। थरूर ने कहा कि इससे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की विरासत को ठेस पहुंचाने का खतरा है। उन्होंने चेतावनी दी कि इस तरह की पहल से एक .त्रिम वैचारिक विभाजन पैदा किया जा रहा है, जबकि इसकी कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्सश पर लिखा, "सरकार के प्रस्तावित नए जी–राम–जी विधेयक में मनरेगा का नाम बदलने को लेकर जो विवाद खड़ा हुआ है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। ग्राम स्वराज की अवधारणा और राम राज्य का आदर्श कभी परस्पर विरोधी नहीं रहे, बल्कि ये गांधीजी की चेतना के दो स्तंभ थे।"थरूर ने आगे कहा, "ग्रामीण गरीबों से जुड़ी योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाना इस गहरे समन्वय की अनदेखी है। गांधीजी की अंतिम सांस भी 'राम' के स्मरण के साथ थी। जहां कोई विभाजन नहीं था, वहां विभाजन पैदा कर उनकी विरासत का अपमान नहीं होना चाहिए।

# अमेरिका, चीन और रूस के तिराहे पर भारत

हरिशंकर व्यास

भारत अब अमेरिका, चीन और रूस के तिराहे पर है। इन तीनों देशों के मुखियाओं के साथ प्रधानमंत्री मोदी फोटो खिंचवाते हैं। और इसकी हकीकत ही भारत की विदेश नीति का खुलासा है। सोचें, इस सवाल पर कि 1947 से 2025 के 78 वर्षों में भारत की विदेश नीति में वह क्या है, जिससे 140 करोड़ लोगों की सामरिक–सुरक्षा, भू–राजनीतिक आवश्यकता का कोर प्रकट हो? यह गंभीर और बड़ा सवाल है। मोटा–मोटी लगेगा कि नेहरू से नरेंद्र मोदी के नेतृत्व तक भारत राष्ट्र–राज्य की बुद्धि से उपजी विदेश नीति में आग्रह है कि हम स्वतंत्र नीतिदृनिर्णय की अपनी क्षमता बनाए रखें। न इधर लुढ़कें और न उधर। किसी खेमे, किसी गुट में फंसे बिना भारत अपने रणनीतिक विकल्प खुले रखे। अंदरूनी और बाहरी सभी मोर्चों में भारत के मौके रहें! यही शायद सर्वमान्य जवाब है। उस नाते जवाहरलाल नेहरू और नरेंद्र मोदी, यानी नेहरू के आईडिया ऑफ इंडिया तथा मोदी के हिंदू आईडिया ऑफ इंडिया, दोनों के छोर एक ही नदी के दो पाट हैं। इसलिए आश्चर्य नहीं कि संघ परिवार ने ताउम्र सोवियत संघ, चीन–रूस से एलर्जी रखी, लेकिन उसके प्रचारक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हिंदुवाद आया तो वह भी शी जिनपिंग, पुतिन और ट्रंप–सभी के लिए समान भाव से पलक पांवड़े बिछाए रहता है। इससे क्या जाहिर है? हिसाब से भारत एक सभ्यतागत देश है। उसका अस्तित्व उसके इतिहास, भूगोल, समाज–संस्कृति से उत्प्रेरित अनुभवों और भविष्य की चिंताओं में गुंथा हुआ है। यह हमेशा के लिए, आगामी पचास–सौ सालों में 160दृ170 करोड़ आबादी के पीक पर भी भारत राष्ट्र पर प्रश्नचिन्ह लगाए रखेगा! और मेरा मानना है कि पृथ्वी पर ऐसा कोई दूसरा देश नहीं है जिसकी चिंताएं, जिसका खोखलापन भारत जैसा हो! बात जमती नहीं? तो ज़रा एक–एक महाशक्ति पर गौर करें। भारत के मुकाबले अमेरिका इसलिए चिंतामुक्त है क्योंकि अमेरिका के पड़ोस में न कोई जानी–दुश्मन प्रतिद्वंदी देश है और न उसका भूगोल चीन–रूस जैसे खतरे लिए हुए है। 250 वर्षों के अमेरिकी इतिहास का वैसा कोई अनुभव नहीं है जैसा भारत का है। अमेरिका भूगोल, इतिहास के अलावा समाज–संस्कृति–तंत्र के मामले में भी वैसी चिंता–चुनौती में नहीं है जैसे भारत फंसा हुआ है। अमेरिका की राजनीतिक –शासकीय–वैचारिक व्यवस्था में पुख्ता चेक–बैलेंस है, तो नागरिकों को वह स्वतंत्रता और पूंजीवाद प्राप्त है, जिससे लोगों के व्यक्तिगत जीवन को अंतरिक्ष में बस्ती बसाने तक के स्वतंत्र पुरुषार्थी पंख प्राप्त हैं। और ऐसा होना उसके वैश्विक वैभव की गारंटी है। अब अमेरिका के बराबर पहुंचे चीन पर विचार करें। चीन को भी भूगोल और इतिहास से वह कोई चिंता–ग्रंथि–चुनौती नहीं है, जिससे वह अपने पड़ोस के रूस, भारत या जापान की चिंता करे। चीन हर तरह से न केवल सुरक्षित है, बल्कि वह कन्फ्यूशियस अनुशासन के मानसिकदृसामाजिक ढांचे में ऐसा गुंथा है जिसमें, चीन का नागरिक सामूहिक व्यवस्था और राज्य की नैतिक सर्वोच्चता को सहजभाव स्वीकारता है। उसके इस एकांगी अनुशासन से ही चीन पूरे इतिहास में राजनीतिक शक्ति, सामाजिक स्थिरता और सामरिक रणनीति में दो–टूक रहा है। हां, हम हिंदुओं की तरह चीनियों की सरज़मी भारत जैसी हजार साल की गुलामी, बिखराव तथा भय–भूख–भक्ति के अनुभवों में उथली नहीं है। चीनी आबादी को सभ्यता–संस्कृति की स्मृति के वैसे कोई घाव नहीं हैं, जैसे भारत की मनोदशा में हैं। मतलब बाहरी और अंदरूनी दोनों मोर्चों पर चीन अपने कुएं की वह गहराई लिए हुए है, जिसके चलते उसे सुरक्षा, निश्चिंतता है। वह भाषा, रहन–सहन, धर्म, खान–पान, मनोरंजन, नस्लीय अहंकार आदि सभी में बाहरी चिंताओं से मुक्त है। वह सुरक्षा के आत्मविश्वास में जीता है। सो, नस्ल मेहनती, स्वाभिमानी और बर्बरता की ड्रैगन तासीर लिए हुए है। तभी आश्चर्य नहीं जो अत्यधिक आधुनिकीकरण, औद्योगिकीकरण तथा पश्चिमी अमेरिकी पूंजी–तकनीक के बावजूद चीन अपनी ही सभ्यता–संस्कृति की शर्तों पर दुनिया की महाशक्ति बना है। लगभग ऐसी ही स्थितियों में रूस है। जारशाही से लेकर सोवियत संघ और रूस के अनुभवों में स्लाविक नस्ल भी भूगोल, इतिहास और संस्कृति–सभ्यतागत तासीर की सुरक्षित एकरूपता के अस्तित्वजन्य भरोसे में जीता आया देश है। भौगोलिक और सांस्कृतिक रूप से वह अमेरिका, चीन जैसी एकरूपता में ढला है। जारशाही, सोवियत संघ और आज का रूसकृसभी एक स्लाविक सांस्कृतिक निरंतरता की छतरी में पनपे। रूस की राष्ट्रीय चिंता में पश्चिम (यूरोप) से सुरक्षा का एक कोण रहा है, जिसमें वह संसाधन–संपन्न भूगोल से लगभग हमेशा सुरक्षित रहा है। अब पश्चिम यूरोप, फ्रांस–ब्रिटेन यानी पश्चिमी सभ्यता पर गौर करें तो वहां भी चीन–रूस और इस्लाम, के खतरों के बावजूद उसके इतिहास, भूगोल, धर्म, सभ्यता–संस्कृति में भारत जैसी दशा का वैसा कुछ भी नहीं है, जिससे अंदरूनी और बाहरी चुनौतियों में वह बेबस हो। हिंदुओं में कई लोग सोचते हैं कि पश्चिमी सभ्यता, मतलब लंदन, पेरिस और यूरोप का देरसबेर इस्लामीकरण होगा। मुसलमानों की संख्या मौजूदा यूरोप के आगे अस्तित्व का संकट बनाएगी। ऐसा कुछ नहीं होना है। इसलिए क्योंकि यूरोपीय देश, पश्चिमी सभ्यता हर तरह से समर्थ है। अगले पचास–सौ सालों के सिनेरियो में यूरोप अंततरू वैश्विक महाशक्तियों (परंपरागत चीन, अमेरिका, रूस) के प्रभुत्व संघर्ष का ही एक खिलाड़ी होगा। और वह हमेशा ठोस, ओलंपिक गोल्ड की क्षमताओं वाला प्रतिद्वंदी खिलाड़ी होगा। अब सोचें, इन सबकी तुलना में दुनिया की सर्वाधिक आबादी लिए हुए भारत की क्या स्थिति है? भूगोल, इतिहास, सभ्यता–संस्कृति से लेकर अंदरूनी खाइयों फॉल्टलाइंस में भारत के आगे इतनी अधिक चुनौतियां हैं कि यदि हिसाब लगाने बैठें और वर्तमान दशा–दिशा पर गौर करें तो लगेगा कि हम मानों कुंभकर्ण हैं, अंतहीन नींद में हैं। एक तरफ भारत दो परमाणु पड़ोसियों चीन और पाकिस्तान से घिरा हुआ है। तो दूसरी ओर वह जातीय, भाषायी, धार्मिक खाइयों में सांस लेता है। अमेरिका, चीन, रूस या जापान जैसी कोई एकरूपता भारत को प्राप्त नहीं है। लाख टके का अगला सवाल है कि उत्तर में चीन और पश्चिम में पाकिस्तान जैसे दो जानी दुश्मनों का बाहरी संकट ज्यादा भारी है या इतिहास की अंदरूनी ग्रंथियों में हिंदू बनाम मुस्लिम, जातीय–भाषायी, सामाजिक खाइयों की कगार अधिक गंभीर हैं? सीमाओं की सुरक्षा या सीमा प्रबंधन की चुनौतियों को प्राथमिक मानें या अंदरूनी चुनौतियों के राजनीतिक–सामाजिक प्रबंधन को? कल्पना कर सकते हैं कि कैसा विकट मामला है। अब 1947 से 2025 तक भारत के अंदरूनी प्रबंधन के साथ बाहरी सुरक्षा–भूराजनीति के प्रबंधों पर जरा गौर करें। पर इसके लिए भी पिछले 78 वर्षों में अमेरिका, रूस, चीन, जापान, इज़राइल या तुर्की जैसे सभ्यतागत राष्ट्रों की भारतीय विदेश नीति से तुलना करनी होगी। क्या तस्वीर उभरेगी? बहुत त्रासद। भारत विश्व राजनीति में अकेला वह लोटा है जो लुढ़कते–लुढ़कते दिशाहीन नियति लिए हुए है! प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का निर्गुट आंदोलन हो, या अमन के मसीहा होने का (संयुक्त राष्ट्र में कश्मीर का फच्चर फंसाने से लेकर शहिंदी–चीनी भाई–भाईय) इलहाम या नरेंद्र मोदी का शी जिनपिंग को झूले झुलाने, लाहौर में नवाज़ शरीफ के घर पकौड़े खाने, या ओबामा–ट्रंप को चाय पिलाने, या पुतिन के गले लगने की कूटनीति से विश्व नेता कहलाने के शगल के लब्बोलुआब में यह साफ दिखेगा– भारत में विदेश नीति राष्ट्र सर्वोपरि से नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री के ख्यालों, अवसरवाद का लोटा है। मतलब भारत की विदेश नीति बिना संस्थागत बुनावट के है। तभी लोटे को यह ध्यान ही नहीं होता कि देश दुश्मन का बाजार बन रहा है या अंदरूनी लड़ाई में वह धीर–धीरे सुलग रहा है! तभी नेहरू को भान ही नहीं हुआ कि उन्होंने कैसे साठ के दशक में चीन को मौका दिया तो मोदी सरकार को भी बोध नहीं है कि भारत की आर्थिकी अब कैसे चीन की बंधक है? बंधक होना क्या होता है इसका ताजा उदाहरण दुर्लभ खनिज सप्लाई में चीन की धौंसपट्टी है। कुछ साल पहले जापान के साथ चीन का कुछ समुद्री टापू को लेकर झगड़ा हुआ था। चीन ने तब उसे दुर्लभ खनिज देना बंद कर दिया। जापान के हाथ पांव फूले। जापान ने तुरंत ऑस्ट्रेलिया में निवेश कर विकल्प बनाना शुरू किया। ऐसे ही ट्रंप के टैरिफ वार में चीन ने खनिज देना बंद किया। ट्रंप को संकट समझ आया और चीन की शर्त पर हाल में करार किया। मतलब यह कि चीन टेंटुआ दबाने की प्रवृति वाला देश है। भारत उसके टारगेट में है। वह अरूणाचल को अपना प्रदेश बताता है। पाकिस्तान और रूस दोनों चीन पर निर्भर हैं। तो भारत का बाजार भी चीन पर आश्रित। तब भारत की नीति क्या है? लुढ़कता लोटा और अवसरवाद। ऐसे ही पाकिस्तान का मसला है। उसके लिए कश्मीर और आतंक महज औज़ार हैं इतिहासजन्य हिंदू बनाम मुस्लिम घावों को सतत हवा देते रहने के लिए। भारत के अंदरूनी राजनीतिक–सामाजिक प्रबंधों को फेल करने के एक दीर्घकालीन मकसद में।पर इसे भारत न 1947 में समझ पाया और न 2025 में समझा हुआ है। 1950 का लियाकत– नेहरू समझौता हो या ताशकंद या शिमला समझौता, पाकिस्तान हमेशा उसी भाव में भारत को देखता रहा है जैसे 1948 से चीन के नेताओं ने भारत को तौला हुआ है।

# निर्माणाधीन बिल्डिंग से गिरकर मौत या हत्या?

## – एपीटीसी परिसर में लैब टेक्नीशियन की संदिग्ध मौत पर मचा हड़कंप

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। मंगलवार को कोतवाली नगर क्षेत्र स्थित एपीटीसी परिसर में निर्माणाधीन भवन से गिरकर लैब टेक्नीशियन मनीष साहू की मौत का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। बुधवार को मृतक के परिजनों ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर घटना को हादसा नहीं, बल्कि सुनियोजित हत्या बताते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। परिजनों के अनुसार मनीष साहू अवंतिका कांट्रेक्टर कंपनी में लैब टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत थे। काम के दौरान उन्हें तीसरी मंजिल पर ले जाया गया, जहां से कथित तौर पर धक्का देकर नीचे गिरा दिया गया। गंभीर रूप से घायल मनीष को जिला अस्पताल लाया गया, लेकिन इलाज शुरू होने से पहले ही उनकी मौत हो गई। मृतक के पिता सुरेश साहू, निवासी जनपद ललितपुर, ने कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर एम. एस. रेड्डी और मैनेजर रमन्ना पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि बीते चार महीनों से मनीष को वेतन नहीं दिया जा रहा था, जिसको लेकर मानसिक प्रताड़ना और आए दिन विवाद होता था। घटना वाले दिन भी वेतन को लेकर बहस हुई थी, जिसके बाद कथित तौर पर उन्हें ऊंचाई से धक्का दे दिया गया। परिजनों ने निर्माण कार्य में भारी लापरवाही का भी आरोप लगाया है। उनका कहना है कि एपीटीसी परिसर में बन रही इमारतों में सुरक्षा मानकों की खुलेआम अनदेखी की जा रही थी। न तो सेटी गार्ड, न हेलमेट और न ही अन्य जरूरी सुरक्षा उपकरण उपलब्ध थे, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका पहले से जताई जा रही थी। पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक से पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच, आरोपित अधिकारियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज करने और परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की है। वहीं, पुलिस अधिकारियों ने निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाते हुए कहा है कि सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है।



# एसएसबी ने 30 बोरी यूरिया के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। नेपाल सीमा पर तस्करी करने वालो पर कार्यवाही करते हुए एसएसबी द्वारा 30 बोरी खाद और एक महिंद्रा मार्शल गाड़ी जब्त किया गया कैलाश चंद रमोला, कमांडेंट 59 वाहिनी के मार्गदर्शन में 59 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल नानपारा के सीमा चौकी लौकही के सहायक उप निरीक्षक संजीव कुमार 04 के नेतृत्व में सीमा चौकी लौकाही से गस्त करते हुए सीमा स्तंभ संख्या 667 के निकट संदिग्ध गतिविधियों पर कार्रवाई की। गश्त के दौरान, 01 महिंद्रा मार्शल गाड़ी भारत से नेपाल की ओर सामान ले जाते देखा गया। जाँच के दौरान, गाड़ी में भारत युरिया (प्रत्येक 45 किलो) के 30 बोरी लदे हुए पाए गई। ड्राईवर से खाद के ट्रांसपोर्टेशन से सबंधित वैध दस्तावेज दिखाने कहा गया कोई वैध दस्तावेज नही दिखा पाया। ड्राईवर ने बताया की खाद को भारत–नेपाल सीमा पार करके नेपाल में तस्करी करने के इरादे से ले जाया रहा था। गस्त पार्टी ने उक्त गाड़ी के साथ भारत यूरिया के 30 बोरी खाद जब्त कर लिए और एक भारतीय नागरिक, गिलगिल खान,पुत्र सलीम खान को गिरतार किया। मौके पर उचित प्रक्रिया का पालन करते हुए एक जब्ती मेमो तैयार किया गया। गाड़ी और गिरतार व्यक्ति को आगे की आवश्यक कानूनी कार्यवाही के लिए सीमा शुल्क कार्यलय, महिपुरवा, जिला बहराइच को सोंप दिया गया। यह कार्रवाई सीमा पर तस्करी के प्रयासों पर कड़ी नजर बनाए रखने और उन्हें रोकने की दिशा में 59 वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है।



# योगा सेशन एवं समग्र विकास कार्यशाला का हुआ आयोजन





न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। गुरुकुल पब्लिक इंटर कॉलेज में विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक विकास के उद्देश्य से एक विशेष योगा सेशन एवं समग्र विकास कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत योग के अष्टांग मार्ग . यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान एवं समाधि पर विद्यार्थियों को सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक रूप से अभ्यास कराया गया। सत्र के दौरान बच्चों को विभिन्न आसन, प्राणायाम, योग मुद्राएँ, यम–नियम, आंतरिक शुद्धता, षट्कर्म क्रियाएँ तथा जल नेति जैसी योगिक शुद्धिकरण प्रक्रियाओं की जानकारी एवं अभ्यास कराया गया। इन गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाना, मानसिक एकाग्रता विकसित करना एवं आंतरिक संतुलन को सु.ढ़ करना रहा। इसके साथ ही विद्यार्थियों को अपने तन, मन एवं मस्तिष्क को स्वस्थ रखने, तनाव से दूर रहने तथा योग को दैनिक जीवन में अपनाने हेतु प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह, अनुशासन एवं एकाग्रता के साथ सभी गतिविधियों में सहभागिता की। कार्यक्रम में विद्यालय के संस्थापक प्रबंधक तथा विश्व हिंदू परिषद, अवध प्रांत के अध्यक्ष राजदेव सिंह ने विद्यालय के छात्रों को योग के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि योग का अर्थ आत्मा से परमात्मा के मिलन में निहित है। जो योग करता है वह निरोग रहता है। उन्होंने यह भी बताया कि महर्षि पतंजलि द्वारा प्रस्तुत अष्टांग योग के अभ्यास से व्यक्ति ईश्वर के साक्षात्कार की ओर भी अग्रसर हो सकता है।विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस प्रकार के योगात्मक एवं व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम विद्यार्थियों के समग्र विकास में अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं।

# एसपी से हिंदू नेता राजेश अवस्थी को सुरक्षा प्रदान किए जाने की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

शाहजहांपुर। राष्ट्रीय गौ रक्षक संघ उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पंडित अजीत शर्मा हिन्दू नेता राजेश अवस्थी की सुरक्षा को लेकर अपनी टीम के साथ पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी से मिले। पंडित अजीत शर्मा ने बताया कि हिंदू नेता राजेश अवस्थी एडवोकेट द्वारा लगातार लव जिहाद, धर्मांतरण, अवैध जमीन कब्जा, अवैध मस्जिद एवं मजारों के को लेकर तथा पीड़ित बहन–बेटियों के लिए लव जिहाद की शिकार पीडित बहन बेटियों उनके माता–पिताओं के लिए लगातार उनकी आवाज बनकर समाज की रक्षा करने वाले, समाज के लिए कार्य करने वाले राजेश अवस्थी के खिलाफ लगभग 2 वर्ष पूर्व भी एक मुस्लिम युवक द्वारा एक वीडियो वायरल किया गया था जिसमें कहा गया था कि कमलेश तिवारी की तरह करेंगे, अब 2 दिन पूर्व पुनः एक वीडियो किसी मुस्लिम युवक द्वारा राजेश अवस्थी के खिलाफ डाला गया है, जो कि बहुत ही गलत है



निंदनीय है। उन्होंने कहा कि राजेश अवस्थी संपूर्ण हिंदू समाज के दुख सुख में सदैव अग्रणी भूमिका निभाते हैं। गांव गंगा गीत मठ मंदिर गुरुद्वारा हिंदू संत समाज के लिए हर समय तत्पर रहते हैं, इसलिए कुछ जिहादी मानसिकता के लोगों को यह बात अखर रही है जबकि राजेश अवस्थी द्वारा कभी भी किसी भी मुस्लिम समाज के लोगों को गलत सताया नहीं गया, न ही उनके साथ गलत किया गया। सिर्फ गलत करने वाले के खिलाफ उन्होंने सदैव कानून का सहारा लेकर के गलत कार्य करने बालों को जेल भिजवाने का कार्य किया है वह सदैव करते रहेंगे। राजेश अवस्थी एडवोकेट हिंदू नेता एवं शाहजहांपुर की आन बान शान है उनके लिए हिंदू समाज का युवा हजारों की संख्या में हर समय मर मिटने को मिटाने को तैयार है ऐसे व्यक्ति के खिलाफ इतनी गंदी टिप्पणी और अभद्र भाषा का प्रयोग किए जाने वाला व्यक्ति बहुत ही गलत मानसिकता का है, उसके खिलाफ गैंगस्टर एवं रासुका की कार्रवाई की जानी चाहिए। इसके साथियों की जांच भी की जानी चाहिए कि ऐसा तो नहीं कहीं किसी बड़ी साजिश रची जा रही हो अपना किसी गैंग का एक हिस्सा हो। संगठन राष्ट्रीय गौ रक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजीत शर्मा ने पुलिस अधीक्षक से मांग की राजेश अवस्थी एवं उनके परिवार को अति आवश्यक सुरक्षा प्रदान की जाए।

# उत्तर प्रदेश सन्निर्माण कामगार मृत्यु व दिव्यांगता सहायता योजना की शुरुआत

न्यूज वाणी ब्यूरो



फिरोजाबाद। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शासन प्रशासन सदैव इस बात के लिए कटिबद्ध नजर आता है कि समाज के हर वर्ग के व्यक्तियों के विपरीत परिस्थितियों में उनका साथ दिया जाए, इसी उद्देश्य से प्रेरित होकर सरकार ने मजदूरों के साथ हुई दुर्घटनाओं में उनकी सहायता हेतु ष्उत्तर प्रदेश सन्निर्माण कामगार मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता योजनाष की शुरुआत की, जो उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार बोर्ड द्वारा चलाई जाती है, यह योजना पंजी.त निर्माण श्रमिकों के लिए हैं। इस योजना के तहत पंजी.त कामगारों की दुर्घटना से मृत्यु होने पर सरकार द्वारा उनके आश्रितों को रुपए 5 लाख 25 हजार तक की आर्थिक सहायता दी जाती है, सरकार की इस जनहित कारी योजना का लाभ दतौजी निवासी मजदूर राम प्रकाश के परिवार को मिला, एक दिन राम प्रकाश एक घर की छत पर पानी की टंकी की फिटिंग कर रहे थे, उसी समय उनको करंट लग गया, जिससे उनकी मृत्यु हो गई उनकी पत्नी मंजू देवी और उनके चार बच्चे पूरी तरह से आश्रय विहीन हो गए, तभी इन्हें श्रम विभाग की इस महत्वपूर्ण योजना के विषय में ज्ञान हुआ, इन्होंने श्रम विभाग के माध्यम से अपना आवेदन जिलाधिकारी के पास भेजा जहां पर जिलाधिकारी ने उनके आवेदन को तत्काल स्वीकार करते हुए, इन्हें इस योजना के तहत मिलने वाली धनराशि दिए जाने का निर्देश श्रम विभाग को दिया, श्रम विभाग ने भी अपने परीक्षण में यह पाया कि यह पूरी तरीके से इस योजना के अंतर्गत आती हैं, शीघ्र ही इन्हें इस योजना के तहत सहायता राशि प्राप्त हुई, जिससे इन्होंने अपना कुटीर उद्योग शुरू किया, इन्होंने हस्त निर्मित दिये बनाना प्रारंभ किया, जो कलात्मक होने के साथ–साथ लोगों के घरों के लिए उपयोगी भी था। शीघ्र ही इनके द्वारा निर्मित दिये अत्यंत प्रसिद्ध हो गए और इसके द्वारा इन्हें आर्थिक लाभ भी प्राप्त होने शुरू हो गए, आज मंजू देवी इस योजना के तहत मिली हुई धनराशि से अपना स्वरोजगार शुरू करके अपने बाल बच्चों का पालन पोषण कर रही हैं, अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा भी प्रदान कर रही है, मंजू देवी सरकार द्वारा दी गई इस मदद से अत्यंत प्रफुल्लित है और इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और जिलाधिकारी रमेश रंजन का कोटि–कोटि आभार व्यक्त कर रही हैं।

# सत्ता के शोर में दबा सच : 30 साल से अछूत क्यों है मधु इंडिया डेको?

## - सरकारें आई-गई, नारे बदले मगर कार्रवाई क्यों नहीं बदली

फोटो परिचय–9

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। राजनीति में बीते तीन दशकों में बदलाव की रतार कभी तेज रही, कभी धीमी। सत्ता के सिंहासन पर चेहरे बदले, विचारधाराएँ बदलीं, योजनाओं के नाम बदले लेकिन अगर कुछ जस का तस रहा, तो वह है मधु इंडिया डेको लिमिटेड दरी मिल पर लगे गंभीर आरोपों पर फैला रहस्यमय सन्नाटा। स्थानीय ग्रामीणों, मजदूरों और श्रमिक संगठनों का दावा है कि यह फैक्ट्री वर्षों से ऐसे संचालित हो रही है, मानो कानून इसके गेट पर पहुंचकर ठिठक जाता हो। मजदूर शोषण, सरकारी योजनाओं के दुरुपयोग और श्रम व भूमि कानूनों की कथित अनदेखी आरोपों की फेहरिस्त लंबी है, मगर कार्रवाई का पन्ना आज भी खाली। राजनीतिक बदलावों के बीच जन्म, जवाबदेही से अब तक दूरी क्यों? मामले की जड़ें 1991 के उस दौर में जाती हैं जब प्रदेश राजनीतिक संक्रमण से गुजर रहा था. कंपनी की स्थापनारू 18 जून 1991 कल्याण सिंह का शपथ ग्रहणरू 24 जून 1991 (भाजपा सरकार) स्थापना और सत्ता परिवर्तन के बीच का यह संयोग आज भी सवाल खड़े करता है। तीन दशक बीत जाने के बाद भी जवाबदेही की घड़ी क्यों नहीं आई? क्या हर सरकार ने इस इकाई को देखते हुए भी अनदेखा किया? ब्व्ब् की चमक, जमीनी हकीकत फीकी? आज यही फैक्ट्री 'एक जनपद, एक उत्पाद (ब्व्ब्)' योजना के तहत प्रचारित बताई जाती है। सरकारी मंचों पर इसे स्थानीय हुनर और रोजगार का प्रतीक बताया जाता है, लेकिन मजदूरों के अनुसार जमीनी तस्वीर इससे उलट है। मजदूरों के गंभीर आरोप. न्यूनतम मजदूरी का उल्लंघन श्रमिकों का फर्जीध्अधूरा पंजीकरण ईएसआई, पीएफ व सामाजिक सुरक्षा से वंचित करना लंबे समय तक काम, कम वेतन.कोई लिखित हिसाब नहीं श्रमिक संगठनों का कहना है कि यदि ये आरोप सही हैं तो ब्व्ब् जैसी योजना की आत्मा पर ही सवाल खड़ा हो जाता है। कानून की दीवारें क्यों नरम पड़ जाती हैं? ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायतें दी गईं, आवाजें उठीं, ज्ञापन सौंपे गए.लेकिन हर बार जांच की फाइलें कागजों में उलझकर रह गईं। क्या प्रभावशाली संरक्षण ने कार्रवाई को हमेशा के लिए रोक दिया? या फिर प्रशासनिक इच्छाशक्ति ही कमजोर रही? अब सवाल प्रदेश से, सरकार से क्या 30 साल पुराने आरोपों की स्वतंत्र जांच होगी? क्या ब्व्ब् के नाम पर चल रही इकाइयों की जमीनी ऑडिट कराई जाएगी? और सबसे अहम.मजदूरों को उनका हक कब मिलेगा? जब सरकारें जीरो टॉलरेंस का दावा करती हैं तब मधु इंडिया डेको जैसे मामलों पर फैला सन्नाटा सवाल बनकर खड़ा है। यह सिर्फ एक फैक्ट्री का मामला नहीं, बल्कि सिस्टम की विश्वसनीयता की परीक्षा है। अब देखना यह है कि यह रिपोर्ट भी सन्नाटे में गुम होती है.या सचमुच किसी कार्रवाई की शुरुआत बनती है।



# ट्रैक्टर-ट्राली बिजली के पोल से टकराई, कई गांवों की बिजली गुल



न्यूज वाणी ब्यूरो

तंबौर, सीतापुर। कस्बे में बीती रात विमल पुत्र विशम्भर ग्राम मूसेपुर कमलापुर खीरी द्वारा ओवर लोड गन्ने से लदी ट्रैक्टर ट्राली द्वारा सड़क पर बनी 33 केवी विद्युत लाइन में मारी जोरदार टक्कर जिससे क्षेत्र विद्युत व्यवस्था चौपट हो गई। तंबौर सहित आसपास के सैकड़ों गांवों की बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई। घटना देर रात करीब तीन बजे की है, जब ओवरलोड गन्ने से भरी एक तेज रतार ट्रैक्टर–ट्राली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे 33 केवी के विद्युत पोल से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि विद्युत पोल कई जगह से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे हाईटेंशन लाइन बाधित हो गई और पूरे इलाके में अंधेरा छा गया। गनीमत रही कि रात का समय होने के कारण सड़क पर आवागमन कम था, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। बिजली आपूर्ति बाधित होने से सुबह लोगों को पानी और अन्य दैनिक कार्यों में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। ओवरलोड वाहनों को लेकर आये दिन कोई न कोई हादसा होता रहता है जिससे लोगो मे रोष भी बना हुआ है। मामले की जानकारी देते हुए अवर अभियंता आकाश वर्मा ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही विभाग सक्रिय हो गया है। विद्युत कर्मियों की टीम मौके पर भेज दी गई है और क्षतिग्रस्त पोल व लाइन को ठीक करने का कार्य तेजी से चल रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से बहाल कर दी जाएगी जेई आकाश कुमार वर्मा ने थाना रेवसा में तहरीर दे दिया है।

# अवैध असलहा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चौकिंग संदिग्ध व्यक्ति वाहन,वांछित अपराधियों की गिरतारी हेतु चलाये गये अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण मे थाना दक्षिण पुलिस द्वारा संदिग्ध वाहन व्यक्ति की चेकिंग के दौरान अभियुक्त अर्जुन पुत्र ओमप्रकाश निवासी नगला मोती नई आबादी थाना दक्षिण को एक नाजायज तमंचा 315 बोर एक जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ नगला मोती नाले वाले रास्ते पर इण्डस्ट्रियल बिल्डिंग ग्लास से गिरतार किया गया।



# वाराणसी में बाल वैज्ञानिकों ने प्रदर्शित किए अपने वैज्ञानिक मॉडल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। प्रदेश सरकार के राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान, प्रयागराज के अंतर्गत माध्यमिक शिक्षा विभाग अयोध्या के तत्वाधान में53 वीं बाल विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का राज्य स्तरीय आयोजन पीएमश्री राजकीय क्वीनस इंटर कॉलेज वाराणसी में16 से 19 दिसम्बर को आयोजित किया जा रहा है। जिसमें जिला विद्यालय निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार के निर्देशन में जनपद के नोडल अधिकारी अश्वनी जैन के साथ जनपद की प्रतिभाएं अपना प्रदर्शन कर रही हैं। अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस प्रदर्शनी का मुख्य विषय विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के स्टेम है। इस प्रदर्शनी में सर्वप्रथम जनपद स्तर पर चयनित प्रतिभागियोंनेआगरा मंडल स्तरीय प्रदर्शनी में प्रतिभाग किया था। जिसमें प्रदर्शनी के द्वितीय दिवस पर जनपद फिरोजाबाद के श्री एमडी जैन इंटर कॉलेज सिरसागंज के छात्र .ष्णा ने जूनियर वर्ग मेंआपदा प्रबंधन उपविषय मेंअपने मॉडल निर्णायक मंडल के समक्ष प्रस्तुत किया। इसी के साथ .षक इंटर कॉलेज पचोखरा के मार्गदर्शक शिक्षक सुनील कुमार जैन के साथ विद्यालय के राजीव ने सीनियर वर्ग में मनोरंजक गणितीय मॉडल, श्री आरआरएम इंटर कॉलेज बछगाँव के शिक्षक राजकुमार के साथ जूनियर वर्ग में मोहम्मद कैश एवं तिलक विद्यालय इंटर कॉलेज के सीनियर वर्ग में आयुष शर्मा, राष्ट्रीय श्रमिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करबला के शिक्षक अजीत कुमार के साथ जूनियर वर्ग में कु अनन्या, सीनियर वर्ग में आर के इंटर कॉलेज कोटला के शिक्षक गौरव बघेल के साथ कु रागिनी ने सम्बंधित मॉडल निर्णायक मंडल के समक्ष प्रस्तुत किया। सभी निर्णायक मंडल ने बच्चों के मॉडलों की प्रशंसा करते हुए उनकी सराहना की। जनपद के सभी प्रतिभागियों को राज्य स्तर पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन प्रदान करने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद धीरेन्द्र कुमार एवं समस्त प्रधानाचार्य ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# मंदिरों से महिलाओं के आभूषण चोरी करने वाली दो महिलाएं गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो/फिरोजाबाद। बालाजी मन्दिर से सोनेश कुमार पत्नी दिनेशचन्द्र निवासी ग्रा0 रूधऊ थाना नसीरपुर की माँ रेशमा देवी के कानों के कुण्डल (पीली धातु) बालाजी मन्दिर से अज्ञात महिला द्वारा निकाल लेने के सम्बन्ध मे थाना शिकोहाबाद मु0अ0सं0 859/2025 धारा 303(2) बीएनएस में अभियोग पंजी.त किया गया। मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित घटना के अनावरण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के नेतृत्व में थाना शिकोहाबाद पर पुलिस टीम का गठन किया। गठित टीम को उस समय एक बड़ी सफलता हाथ लगी जब टीमे अपराधियों की निगरानी में लगी थी कि मुखबिर खास द्वारा सूचना दी गयी कि 09 दिसंबर को दिन मंगलवार के दिन बाला जी मन्दिर से भीड़ का फायदा उठाकर महिलाओं के आभूषण चोरी करने वाली महिलायें फिर से घटना करने की फिराक में घूम रही है। उक्त सूचना पर त्वरित कार्यवाही के क्रम में बालाजी मन्दिर गेट के पास से बालाजी मन्दिर पुलिस चौकी सहायता केन्द्र आगरा गेट के पीछे मन्दिर परिसर थाना क्षेत्र शिकोहाबाद से अभियुक्तगण मुन्नी देवी पत्नी रघुनाथ निवासी महावीर का नंगला थाना फतेहाबाद जिला आगरा व ममता पत्नी टिल्लू निवासी महावीर का नंगला थाना फतेहाबाद जिला आगरा को मय चोरी के 02 अदद कुण्डल पीली धातू के साथ गिरतार किया गया है।

# ठंड में प्रशासन की लापरवाही उजागर, कस्बे में अलाव नदारद

न्यूज वाणी ब्यूरो

अटरिया, सीतापुर। सिधौली विकास खंड अंतर्गत अटरिया कस्बे में ठंड बढ़ने के बावजूद प्रशासन की ओर से अब तक अलाव की समुचित व्यवस्था नहीं की गई है। तापमान में लगातार गिरावट के कारण आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। सुबह और शाम के समय चौराहों पर खड़े ग्रामीणों, दुकानदारों और राहगीरों को ठंड के प्रकोप से भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। अटरिया कस्बे के प्रमुख स्थानों स्टेशन रोड, नीलगंज चौराहा, बनौगा चौराहा, बाजार चौराहा सहित अन्य व्यस्त इलाकों में अलाव की व्यवस्था पूरी तरह नदारद है। ठंड से बचने के लिए लोग इधर–उधर आग जलाने को मजबूर नजर आ रहे हैं जिससे कभी भी हादसे की आशंका बनी रहती है। स्थिति यह है कि रात के समय सुरक्षा व्यवस्था संभालने वाले पुलिसकर्मियों को भी कड़ाके की ठंड में गश्त करनी पड़ रही है। अलाव की व्यवस्था न होने से पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन की यह उदासीनता न केवल आम नागरिकों बल्कि कानून व्यवस्था में लगे कर्मियों के लिए भी परेशानी का कारण बन रही है। ग्रामीणों और कस्बेवासियों का आरोप है कि हर वर्ष ठंड शुरू होते ही प्रमुख चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलवाए जाते थे, लेकिन इस बार अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। लोगों ने संबंधित अधिकारियों से जल्द से जल्द अलाव की व्यवस्था कराने की मांग की है, ताकि ठंड से राहत मिल सके और जनजीवन सामान्य हो सके। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि शीघ्र ही अलाव की व्यवस्था नहीं की गई तो बुजुर्गों, बच्चों और राहगीरों की परेशानी और बढ़ सकती है। अब देखना यह है कि प्रशासन कब तक इस ओर ध्यान देता है और ठंड से जूझ रहे लोगों को राहत प्रदान करता है।

# फ्रेंड्स कॉलोनी थानाध्यक्ष ने व्यापारियों के साथ की गोष्ठी




न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। थाना फ्रेंड्स कॉलोनी में व्यापारी गोष्ठी कर थानाध्यक्ष ने व्यापारियों को सुरक्षा का दिलाया भरोसा। व्यापारिक गोष्ठी को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष अमित मिश्रा ने व्यापारियों की समस्याओं और सतर्कता को लेकर व्यापारियों को जागरूक रहने अनुरोध किया भविष्य में कोई भी समस्या आने पर पूरी निष्ठा से सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल युवा जिलाध्यक्ष अजय गुप्ता ने कहा कि व्यापार गोष्ठी ऐसे ही थाना फ्रेंड्स कॉलोनी में आयोजित होती रहे। गोष्ठी में प्रमुख रूप से युवा जिलाध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता युवा जिला उपाध्यक्ष रवि कश्यप जिला उपाध्यक्ष अवधेश दुबे जिला उपाध्यक्ष राजीव पाल नगर उपाध्यक्ष हर्षेन्द्र भदोरिया युवा नगर अध्यक्ष मुकेश दुबे मंडी अध्यक्ष राजकुमार कुशवाहा कपिल पाठक गोविंद .ष्णा भदोरिया आशीष तिवारी आदि व्यापरिजन सम्मिलित हुए।

# उर्वरक बिक्री केन्द्र पर ओवररेटिंग व टैगिंग करने पर होगी कार्यवाही

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। जिला .षि अधिकारी ने बताया कि समस्त थोक उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता है कि जनपद में किसी भी खुदरा उर्वरक बिक्री केन्द्र पर उर्वरक की ओवररेटिंग व टैगिंग किया जाता है तो सम्बन्धित के विरूद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए उर्वरक विक्रय प्राधिकार पत्र निरस्त कर दिया जायेगा। साथ ही ओवररेटिंग करने वाले के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करा दिया जायेगा। जनपद में उर्वरक की कोई कमी नही है। बुधवार को जनपद के सहकारी समिति एवं निजी बिक्री केन्द्रों पर यूरिया–2111.00 मै० टन, डीएपी–13102.00 मै० टन तथा एन०पी०के 0–5028.00 मै० टन उपलब्ध है। उर्वरक से सम्बन्धी किसी भी समस्या के होने पर जैसे उर्वरक की आवेररेटिंग, कालाबाजारी, एवं उर्वरक अनुपलब्धता आदि की जानकारी/शिकायत जनपद में स्थापित कन्ट्रोल रूम के दूरभाष सं0 0547–2226271 पर सम्पर्क करें। साथ ही रिटेल प्वाईंट से उर्वरक खरीद के समय उर्वरक विक्रेता से रसीद प्राप्त कर लें एवं किसी भी दशा में उर्वरक की बोरियों पर अंकित दर से अधिक दर भुगतान न करें। जनपद में उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

# प्रदर्शनी पंडाल में 24-25 को प्रवचन हेतु पधारेंगे संत राजेंद्रदास महाराज

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद प्रदर्शनी समिति के तत्वावधान में आगामी 24 व 25 दिसम्बर को भारत के महान संत अनंतश्री विभूषित श्री अग्रपीठाधीश्वर एवं मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्र दास देवाचार्य जी महाराज (रैवासा, वृंदावन धाम) प्रदर्शनी पंडाल में प्रवचन करने हेतु पधार रहे हैं। इसकी जानकारी देते



हुए कार्यक्रम के संरक्षक डॉ. विश्वपति त्रिवेदी (आईएएस रिटा.),संयोजक संजीव कुमार अग्रवाल (एफसीए), सह संयोजक ओपी मिश्रा, ओम नारायण शुक्ला, कुश चतुर्वेदी, सुधीर मिश्र एवं कार्यक्रम के विशेष सहयोगी राजेंद्र कुमार दीक्षित ने बताया कि ये जनपद के भक्त समाज का सौभाग्य है कि परमपूज्य महाराज के श्रीमुख से उनकी अमृतमयी वाणी सुनने का सुअवसर मिलने जा रहा है। यह पहला अवसर होगा, जब इष्टिकापुरी की पावन धरती पर मलूक पीठाधीश्वर महाराज का राम चरित पर देव दुर्लभ प्रवचन हम सबको सुनने को मिलेगा। आयोजक मंडल द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने जनपद के समस्त हरि कथा रसिकों से आग्रह किया है कि चूंकि महाराजजी से जुड़े जनपद और जनपद से बाहर के भी अनेक शिष्यगण तथा श्रद्धा रखने वाले लोग,इस कार्यक्रम में आने के लिए संपर्क कर रहे हैं, इसलिए आप सभी प्रदर्शनी पंडाल में समय से पहुंचकर अपना यथा स्थान ग्रहण कर लें और संत दर्शन एवं प्रवचन सुन जीवन को धन्य बनाएं।

# किसान दिवस में सीडीओ ने सुनी समस्याएं व निस्तारण के दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर की अध्यक्षता में किसान दिसव का आयोजन विकास भवन के सभागार में किया गया, जिसमें सभी



विभागों के अधिकारी एवं किसान उपस्थित थे। बैठक में गतमाह आयोहित किसान दिवस की कार्यवृत्त एवं अनुपालन आख्या को जिला .षि अधिकारी द्वारा पढ़कर सुनाया गया। किसानों द्वारा गतमाह में उठायी गयी समस्याओं के समाधान पर खुशी जाहिर की गयी। इसके पश्चात किसान दिवस की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। किसान दिवस में किसान देवप्रकाश राय द्वारा भगही एवं छोटी सरजू नहर को सिंचाई खण्ड के अधीन लाने, फोरलेन में टुटे सहरोज प्राथमिक विद्यालय को बनाने हेतु जमीन उपलब्ध कराने तथा घोसी चीनी मिल के कौटो की संख्या यथावत रखने का मुद्दा उठाया। किसान जयप्रकाश सिंह द्वारा गेहूँ की सिचाई हेतु विद्युत सप्लाई अधिकतम दिन में किये जाने एवं खिरिया साधन सहकारी समिति पर यूरिया अबतक उपलब्ध न होने का मुद्दा उठाया गया। किसान राकेश सिह द्वारा मोथा चक्रवात से हुई धान की फसल की क्षति की भरपायी कराने एवं गाढ़ा नगवा डैम तथा खडिया डैम की सफाई कराने की मांग की गयी।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य ने सुनी महिलाओं की समस्याएं

## – मामलों के निस्तारण हेतु संबंधित थानों को किया निर्देशित

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग सदस्या गीता बिंद द्वारा पीडब्लूडी डाक बंगला में जनसुनवाई किया गया। जिसमें विभिन्न मामलों को सुनते हुए कार्यवाही की गई। कुल 10 मामले प्राप्त हुए है। मामलों के निस्तारण एवं पीड़िताओं को न्याय दिलाने हेतु सदस्या गीता बिंद द्वारा सम्बन्धित थानों को निर्देशित किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र मे जिला



प्रशासन द्वारा चयनित ग्राम पंचायत कासिमपुर में जन चौपाल कार्यक्रम तथा बाल विवाह मुक्त भारत कार्यक्रम में सदस्या गीता बिंद द्वारा बतौर मुख्य अतिथि के रूप मे प्रतिभाग किया गया एवं महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे मे लोगों को जानकारी दी गई। सदस्या गीता बिंद द्वारा महिला सशक्तिकरण व बाल विवाह के दुष्परिणामों के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई तथा विभागीय योजनाओं के बारे में भी विस्तारपूर्वक बताया गया। साथ ही ग्राम पंचायत कासिमपुर के बी०एल०ओ० से मिल कर एस०आई०आर० अभियान की समीक्षा की गई। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी डॉ० श्वेता त्रिपाठी व महिला कल्याण विभाग की समस्त टीम एवं ग्राम प्रधान, आशा सखी, आगनबाड़ी कार्यकर्ती तथा समस्त ग्राम वासी उपस्थित रहे।

# रोडवेज कर्मचारियों ने उत्तराखंड रूट के गलत समयसारिणी को लेकर सौंपा ज्ञापन

## – उत्तराखण्ड डिपो कर्मचारी करते अभद्रता, नहीं भरने देते सवारी : कर्मचारी संघ

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। उत्तराखंड रूट पर चलने वाली बसों के संचालन से जुड़ी समस्याओं को लेकर रूपईडीहा डिपो के कर्मचारियों ने सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक राम प्रकाश को एक मांग पत्र सौंपा। कर्मचारियों का कहना है कि लंबे समय से लागू पुरानी समय–सारिणी अब वर्तमान संचालन के अनुरूप नहीं रही, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान और प्रशासनिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों ने बताया कि जब तक रूपईडीहा में बस अड्डा नहीं था और संचालन बहराइच डिपो से होता था, तब दोनों डिपो के लिए एक साझा समय–सारिणी बनाई गई थी। उसी के आधार पर वर्षों तक संचालन चलता रहा लेकिन अब रूपईडीहा डिपो के गठन के बाद यहां बसों की संख्या और संचालन में काफी वृद्धि हो गई है, जबकि पुरानी समय–सारिणी में कोई संशोधन नहीं हुआ। कर्मचारियों के अनुसार पहले रूपईडीहा डिपो की लगभग 27 बसें रूपईडीहा से चलती थीं, जबकि अब रूपईडीहा डिपो से करीब 70 बसों का संचालन हो रहा है। पुरानी समय–सारिणी के अनुसार उत्तराखंड में रूपईडीहा डिपो को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक सवारी लेने की समय सीमा है जबकि वहां सवारी 2 बजे के बात निकलती है जिस कारण हमारी गाड़ी वहां से खाली आती है इसी तरह रूपईडीहा डिपो को रूपईडीहा में भी वही समय दिया गया है यहां भी वही स्थिति रहती है। इस तरह रूपईडीहा डिपो की गाड़ियों को दोनों तरफ से नुकसान झेलना पड़ता है। इससे सवारियां नहीं मिल पातीं और कर्मचारियों को घाटा उठाना पड़ता है। कई मामलों में समय–सारिणी के पालन में कठिनाई के चलते कर्मचारियों पर लगभग 2500 तक की पेनल्टी भी लग जाती है, जो उनके वेतन से काट ली जाती है। मांग पत्र में कर्मचारियों ने मांग की है कि उत्तराखंड डिपो को रूपईडीहा डिपो में वही समय दिया जाए, जो समय रूपईडीहा डिपो की बसों को उत्तराखंड में मिलता है। इससे दोनों डिपो को समान रूप से सवारियां मिलेंगी और किसी भी पक्ष को नुकसान नहीं होगा। इस मांग का समर्थन करते हुए इंप्लाइज यूनियन रूपईडीहा शाखा के अध्यक्ष अरुण तिवारी, रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद रूपईडीहा शाखा के अध्यक्ष हरेंद्र यादव और संविदा कर्मचारी संघ के आफताब कुरैशी ने कहा कि समय–सारिणी में संतुलन से कर्मचारियों का शोषण रुकेगा और संचालन सुचारु होगा। कर्मचारियों ने यह भी आरोप लगाया कि उत्तराखंड डिपो की कुछ बसें रूपईडीहा पहुंचकर कस्बे के बाहर ही सवारियां उतार देती हैं। इससे विशेषकर नेपाल से आने वाली सवारियों का रिक्शा चालकों द्वारा शोषण होता है और बसें बाहर से ही सवारियां भरकर वापस चली जाती हैं। कर्मचारियों ने इस संबंध में रूपईडीहा थाने में प्रार्थना पत्र देकर मांग की थी कि कोई भी डिपो की बस सवारियों को सीधे रूपईडीहा डिपो परिसर में उतारे, ताकि शोषण रोका जा सके, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। डिपो कर्मचारियों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि सभी डिपो की बसें सवारियों को अनिवार्य रूप से रूपईडीहा डिपो में ही उतारें और समय–सारिणी में आवश्यक संशोधन किया जाए, ताकि संचालन संतुलित हो और कर्मचारियों व यात्रियोंदोनों को राहत मिल सके। मांग पत्र देने वालों मोहित मिश्रा, अवधेश दीक्षित, महमूद अलम, रामनिवास मिश्रा, राहुल सिंह, श्री राम पासवान, दीनानाथ, सुबोध सोनी, सुधीर मिश्रा, अब्दुल मुकीद, मनोज तिवारी, रोशन लाल, अमन कुमार, मोहित शुक्ला, सुमंत चौहान,राम अनुज, नफीस धर्मेंद्र सिंह सहित दर्जनों कर्मचारी मौजूद थे।

# अवैध कटान के दोषी पांच अभियुक्तों को तीन-तीन वर्ष का कारावास

## - 17-17 हजार के अर्थदण्ड से भी किया दण्डित

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत चिन्हित अभियोगों में दोषी अभियुक्तों के विरुद्ध अधिकतम/त्वरित दण्डात्मक कार्यवाही हेतु चलाया विशेष अभियान चलाया जा रहा है। न्यायालय पीठासीन अधिकारी अनिल कुमार–12 अपर सत्र न्यायाधीश (एफ.टी.सी.–द्वितीय) द्वारा दोषी अभियुक्त को दण्डित किया गया। वादी मुकदमा रूप नारायन शुक्ला (वन्य जीव रक्षक) द्वारा दी गयी सूचना के आधार पर अभियुक्तगण द्वारा प्रतिबन्धित वन क्षेत्र में बिना अनुमति प्रवेश कर अवैध रूप से सागौन का पेड़ काटकर वन्यजीवों के अंडों व घोंसलों को तोड़ा गया व उनके वासस्थल को नुकसान पहुँचाया गया तथा लकड़िया चोरी कर ले जाते समय वादी मुकदमा व उनकी गश्ती टीम के विरोध करने पर अवैध बन्दूक से फायर किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना को0मुर्तिहा में मु.अ.सं. 103/15 व 116/16 धारा 379, 411, 307 भा.द.वि. व धारा 26/41/42 भा0व0अधि0 व धारा 9/27/29 व0जी0सं0 अधि0 बनाम रामादल पुत्र झुर्रा, राम प्रकट पुत्र बलराम, मुकेश पुत्र होली, संजय पुत्र दशरथ, ननकुन उर्फ सुरेन्द्र पुत्र मिश्रीलाल निवासीगण महबूब नगर, थाना मोतीपुर पंजी.त किया गया, जिसकी विवेचना तत्कालीन विवेचक निरीक्षक सुरेश बाबू द्वारा साक्ष्य संकलन, गवाहों की गवाही व विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त अभियुक्तगण सुन्दर आदि कुल 05 अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध आरोप पत्र अन्तर्गत धारा 379, 411, 307 भा.द.वि. व धारा 26, 41, 42 भा0व0अधि0 व धारा 9, 27, 29 व0जी0सं0 दाखिल किया गया। न्यायालय/पीठासीन अधिकारी अनिल कुमार–12, अपर सत्र न्यायाधीश (एफ.टी.सी.–द्वितीय) द्वारा मॉनिटरिंग सेल पुलिस कार्यालय, प्रभारी थाना को0मुर्तिहा, ए.डी.जी.सी. क्रिमिनल सुनील कुमार जायसवाल, कोर्ट मोहर्रिर का0 शिव नारायण प्रजापति, थाना पैरोकार का0 संतोष की प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप दोषी अभियुक्तगण रामादल पुत्र झुर्रा, राम प्रकट पुत्र बलराम, मुकेश पुत्र होली, संजय पुत्र दशरथ, ननकुन उर्फ सुरेन्द्र पुत्र मिश्रीलाल निवासीगण महबूब नगर, थाना मोतीपुर को दण्डित किया गया।

# सफेद चादर में लिपटा जिला, घने कोहरे ने रोकी रफ्तार

## - 10 मीटर तक सिमटी विजिबिलिटी

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। समूचे जनपद में लगातार दूसरे दिन भी कोहरे का सितम देखने को मिला। मंगलवार को दिनभर धुंध की चादर छाए रहने के बाद बुधवार सुबह घना कोहरा छा गया, जिससे पूरा आसमान सफेद नजर आया। हालात इतने खराब रहे कि कई इलाकों में सड़कों पर विजिबिलिटी घटकर महज 10 मीटर तक पहुंच गई। कोहरे के चलते आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ और लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। घने कोहरे के कारण राष्ट्रीय राजमार्गों के साथ–साथ ग्रामीण और शहरी सड़कों पर वाहनों की रतार बेहद धीमी रही। वाहन चालकों को फॉग लाइट और हेडलाइट जलाकर अत्यंत सावधानी से सफर करना पड़ा। नेशनल हाईवे–30 पर स्थिति सबसे ज्यादा खराब रही, जहां कई स्थानों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। ट्रक, बस और छोटे वाहन रेंगते नजर आए, जिससे यात्रियों को काफी देरी हुई। इस दौरान न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कोहरे और ठंड के बावजूद स्कूल जाने वाले बच्चों की दिनचर्या पर खास असर नहीं पड़ा। ठिठुरती ठंड में बच्चे स्वेटर, जैकेट और टोपी पहनकर स्कूल जाते दिखे। बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावकों में चिंता भी देखने को मिली। हालांकि कुछ स्कूलों ने एहतियातन समय बदलकर सुबह 10 बजे से कक्षाएं शुरू कीं। कई जगहों पर अभिभावक खुद बच्चों को स्कूल छोड़ने पहुंचे। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ और वातावरण में नमी की अधिकता के चलते आने वाले कुछ दिनों तक कोहरे से राहत मिलने की संभावना कम है। सुबह और देर रात घना कोहरा छाए रहने की चेतावनी जारी की गई है। साथ ही तापमान



में और गिरावट आने से ठंड बढ़ने की आशंका जताई गई है। प्रशासन और यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से सतर्क रहने की अपील की है। कोहरे में तेज गति से वाहन न चलाने, ओवरटेक से बचने और फॉग लाइट के प्रयोग की सलाह दी गई है। दुर्घटनाओं से बचाव के लिए हाईवे और प्रमुख मार्गों पर पुलिस गश्त भी बढ़ा दी गई है।

# व्यापारियों की सुरक्षा व यातायात को लेकर हुई गोष्ठी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में बाजारों की सुरक्षा, कानून व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था को और अधिक सु.ढ़ बनाए



जाने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी की अध्यक्षता में रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सभागार में जनपद के व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं व्यापारी बंधुओं के साथ एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान व्यापारियों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए बाजारों में बढ़ती भीड़, सड़कों पर दुकानों द्वारा अतिक्रमण कर सामान रखने के कारण उत्पन्न हो रही यातायात बाधाओं तथा उनसे होने वाली समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। अपर पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा व्यापारियों से आपसी समन्वय बनाकर शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में सहयोग की अपील की गई, ताकि आम नागरिकों को जाम की समस्या से राहत मिल सके। बैठक में व्यापारियों द्वारा रखी गई समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उनके त्वरित निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। साथ ही व्यापारियों एवं उनके प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के.ष्टिगत दुकानों व व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने पर जोर दिया गया, जिससे किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। गोष्ठी के दौरान व्यापारियों को यह भी अवगत कराया गया कि किसी भी प्रकार की समस्या, संदिग्ध गतिविधि अथवा आपात स्थिति उत्पन्न होने पर वे तत्काल अपने संबंधित थाना पुलिस अथवा उच्चाधिकारियों को सूचना दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके और कानून व्यवस्था बनी रहे। इस अवसर पर यातायात प्रभारी सूबेदार सिंह सहित पुलिस के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। गोष्ठी सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें पुलिस एवं व्यापारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष जोर दिया गया।

# साइबर ठगी के गिरोह का पर्दाफाश, दो ठग गिरफ्तार

## - अभियुक्तों के कब्जे से भारी मात्रा में डिजीटल साक्ष्य बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के कुशल निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज तथा क्षेत्राधिकारी साइबर सौरभ सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में साइबर अपराधों की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरतारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना साइबर क्राइम द्वारा फर्जी दस्तावेजों व डिजिटल माध्यमों से की जा रही ऑनलाइन साइबर ठगी के एक संगठित गिरोह का सफल अनावरण करते हुए दो अभियुक्तों को गिरतार किया गया। गौरतलब हो कि 16 दिसंबर को भगत सिंह पुत्र रामेश्वर सिंह निवासी जवाहर नगर थाना कोतवाली नगर द्वारा थाना साइबर क्राइम बांदा पर सूचना दी गई कि प्रार्थी का मित्र वरूण अग्रवाल पुत्र शिवकुमार निवासी कानपुर नगर जो कि बालाजी ट्रेडर्स के प्रोपराइटर है, के द्वारा बताया गया कि उनके जीएसटी के फर्जी कागजात बनाकर, उपयोग कर दो व्यक्ति अनिल व चंद्रकिशोर निवासीगण तिंदवारा थाना कोतवाली नगर द्वारा लोगों को ऑनलाइन सामान बेचने का प्रलोभन देकर साइबर ठगी की जा रही है। प्रकरण की गंभीरता को देखते सूचना पर तत्काल थाना साइबर क्राइम पर अभियोग पंजी.त करते हुए साइबर थाना की टीम द्वारा डिजिटल ट्रैकिंग, मोबाइल विश्लेषण तथा इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के संकलन कर अभियुक्तों की गिरतारी के प्रयास किए जा रहे थे। इसी क्रम में बुधवार को मुखबिर की सूचना तथा तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्तों को तिंदवारा बाइपास के पास गिरतार कर लिया गया। पूछताछ में जुर्म स्वीकार करते हुए अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा कूटरचित आधार कार्ड, फर्जी पैन कार्ड, अवैध रूप से तैयार फर्जी क्यूआर कोड तथा जीएसटी नंबर का दुरुपयोग कर आम नागरिकों को ऑनलाइन सामान बेचने का झांसा देकर उनसे धनराशि की ठगी करते थे। गिरतार अभियुक्तों की निशांदेही पर 08 मोबाइल फोन 12 एटीएम कार्ड 07 सिम कार्ड किट 05 आधार कार्ड 01 पैन कार्ड 01 सिम कार्ड 03 पासबुक 01 स्वाइप मशीन 01 मॉनिटर 01 01 अदद लैपटॉप 15 अकाउंट किट 01 फिंगर प्रिंट स्कैनर 510 रुपए नगद बरामद किया गया। पकड़े गए अभियुक्त अनिल कुमार पुत्र बच्चाप्रसाद निवासी ग्राम तिंदवारा थाना कोतवाली नगर व चन्द्रकिशोर पुत्र मनीराम निवासी ग्राम तिंदवारा थाना कोतवाली नगर के विरुद्ध मु0अ0सं0 16/25 धारा 338, 336(3), 340(2) बीएनएस व 66 डी आईटी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पकड़ने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना राजेश चन्द्र मिश्रा उप निरीक्षक आकाश शुक्ला हे0का0 विनोद कुमार का0 हिमांशु वर्म का0 ललित कुमार शामिल रहे।

# खेल प्रतियोगिता में बालक-बालिकाओं ने दिखाया दमखम

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। कस्बा स्थित सआदत इंटर कॉलेज से जुड़े मैदान में युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वावधान में विधायक खेल प्रतियोगिता का भव्य एवं सुव्यवस्थित आयोजन किया गया, जिसमें बालक–बालिका सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग के खिलाड़ियों ने विभिन्न खेल विधाओं में उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा द्वारा किया गया, जहां एनसीसी कैडेट्स ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया तथा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन हुआ, इसके पश्चात मेहरवान नगर स्कूल के बच्चों ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया और विधायक ने शांति व सद्भाव के प्रतीक कबूतर और गुब्बारे उड़ाकार खेल भावना का संदेश दिया। प्रतियोगिता के दौरान 100 मीटर दौड़ के सीनियर वर्ग बालिका में रचना गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, सीनियर वर्ग बालक में शिवम यादव एवं गयासुद्दीन प्रथम रहे, सब जूनियर वर्ग बालक में साजिद तथा जूनियर वर्ग बालिका में सावित्री ने प्रथम स्थान हासिल किया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में सब जूनियर पीएम श्री वैवाही टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कबड्डी के जूनियर बालिका वर्ग में राम नारायण मदेशिया की टीम को प्रथम पुरस्कार मिला। पतरहिया विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रस्तुत पीटी प्रदर्शन अत्यंत मनमोहक एवं उत्साहवर्धक रहा, जिस पर उपस्थित दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं। इसके अतिरिक्त लंबी दौड़, लंबी कूद, गोला फेंक, चक्का फेंक, बैडमिंटन सहित कई अन्य खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं जिनमें खिलाड़ियों ने उत्.ष्ट प्रदर्शन किया और प्रतियोगिता देर शाम तक चलती रही। समापन अवसर पर आयोजित पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में विधायक रामनिवास वर्मा ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी, खंड विकास अधिकारी बलहा अर्पणा, खण्ड विकास अधिकारी नवाबगंज राहुल पाण्डे, एवं खंड शिक्षा अधिकारी बलहा अरूण कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी शिवपुर राम तिलक, खंड शिक्षा अधिकारी नवाबगंज राधेश्याम , भाजपा पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष .पा राम वर्मा, नगर अध्यक्ष भाजपा रेखा पांडेय, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी बलहा अजय गुप्ता सहित अनेक प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, शिक्षकगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आयोजन की विशेषता यह रही कि कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों के लिए भोजन एवं स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई थी, जिससे आयोजन की व्यापक सराहना हुई, वहीं सुरक्षा व्यवस्था के लिए राजा बाजार चौकी प्रभारी राम गोविंद वर्मा पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक अमित कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया।

# उपकेंद्र सरयां में विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। अधिशासी अभियंता विद्युत ने बताया कि 33/11 के०वी० विद्युत उपकेन्द्र सरयां की क्षमतावृद्धि का कार्य बाह्य एजेंसी के माध्यम से विद्युत माध्यमिक कार्य खण्ड, आजमगढ़ द्वारा कराया जाना है। उपकेन्द्र पर वर्तमान में स्थापित 5 एम०वी०ए० पावर परिवर्तक को हटाकर आवंटित नये 10 एम०वी०ए० पावर परिवर्तक को स्थापित कराकर ऊर्जी.त किया जाना है. जिसके कारण गुरूवार को सुबह 10 बजे से कार्यपूर्ण होने तक 33/11 के०वी० विद्युत उपकेन्द्र–सरयां से पोषित समस्त क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

# मिशन शक्तिके तहत ग्राम गनेशपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति फेज अभियान के अंतर्गत थाना चौबिया की मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम गनेशपुर में महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान टीम ने गांव में जाकर महिलाओं व किशोरियों से संवाद स्थापित किया और उन्हें उनके अधिकारों, सुरक्षा तथा स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान कीं। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं और बालिकाओं को पंपलेट वितरित किए गए तथा उन्हें विभिन्न आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। टीम ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति, घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, साइबर अपराध या स्वास्थ्य संबंधी



समस्या होने पर हेल्पलाइन नंबरों का तुरंत उपयोग कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। इसके साथ ही साइबर अपराधों से बचाव, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग और ऑनलाइन ठगी से सतर्क रहने के उपायों पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महिलाओं को स्वास्थ्य जागरूकता के विषय में भी बताया गया, जिसमें नियमित स्वास्थ्य जांच, पोषण, स्वच्छता और समय पर उपचार के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। मिशन शक्ति टीम ने कहा कि स्वस्थ महिला ही सशक्त परिवार और समाज की नींव होती है। इसके अतिरिक्त महिलाओं एवं बालिकाओं को केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना एवं छात्रवृत्ति योजनाओं के बारे में भी विस्तार से अवगत कराया गया। टीम ने बताया कि इन योजनाओं का लाभ लेकर महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकती हैं और अपने परिवार के जीवन स्तर में सुधार ला सकती हैं। मिशन शक्ति टीम द्वारा छात्राओं को पढ़ाई को प्राथमिकता देने, नशे से दूर रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर बिना झिझक पुलिस व संबंधित विभागों से संपर्क करने की सलाह दी गई। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं से अपील की गई कि वे प्राप्त जानकारी को अपने परिवार, पड़ोस और गांव की अन्य महिलाओं के साथ साझा करें, जिससे समाज में सुरक्षा और जागरूकता का वातावरण बन सके। इस अवसर पर मिशन शक्ति टीम के सदस्य एवं ग्राम की महिलाएं और बालिकाएं उपस्थित रहीं।

# परिजनों की डांट से क्षुब्ध किशोरी ने खाया जहर

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के शमशाबाद गांव में परिजनों की डांट से क्षुब्ध होकर किशोरी ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त करने का प्रयास किया। जिसकी जानकारी उसके परिजनों को हुई तो तुरंत उसको इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के शमशाबाद गांव निवासी जगजीत पासवान की 17 वर्षीय पुत्री वंदना देवी को परिजनों ने किसी बात को लेकर डांट दिया। परिजनों की डाँट से क्षुब्ध होकर उसने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। कुछ समय पश्चात जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों को जानकारी हुई तुरंत परिजनो फोन कर घटना की सूचना सरकारी एम्बुलेन्स को दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे एंबुलेंस के ईएमटी अंकित और पायलट मनीष ने किशोरी को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुँचाया। वही जिला अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के चौडगरा कस्बे में तेज रतार अज्ञात वाहन दुकानदार को टक्कर मारते हुए निकल गया। जिससे दुकानदार रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी उसके परिजनों को हुई तो तुरंत उसको इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार बिहार प्रान्त के वैशाली जनपद के गोरौल थाना क्षेत्र के महमूदपुर गांव निवासी अफजल हुसैन का 30 वर्षीय पुत्र जाहिद हुसैन जो विगत आठ वर्षों से कल्यानपुर थाना क्षेत्र के चौडगरा कस्बे में रह कर पंचर बनाने की दुकान चला रहा है। आज वह सुबह रोड किनारे किसी काम से पैदल जा रहा था। तभी तेज रतार अज्ञात वाहन उसको टक्कर मारते हुए निकल गया। जिससे जाहिद हुसैन रोड़ पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी उसके पड़ोसी दुकानदारों को हुई तो तुरंत उसको इलाज के लिए गोपालगंज सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सरकारी एंबुलेंस के ईएमटी राम सिंह व पायलट गुलाब के साथ जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं जिला अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं। घायल के साथ अस्पताल आए उसके पड़ोसी दुकानदार मो० नसीर अहमद ने बताया कि आज सुबह यह अपनी दुकान के पास रोड किनारे था। तभी तेज रतार अज्ञात वाहन टककर मारते हुए निकल गया। यह घायल होकर रोड पर पड़ा था जानकरीं होने पर इलाज के लिए लेकर आए है।

## सप्त शक्तिसंगम कार्यक्रम में मातृशक्तिपर हुई चर्चा



न्यूज वाणी ब्यूरो

बिंदकी, फतेहपुर। कस्बे के लंका रोड केवटरा स्थित सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर नारी शक्ति में सप्त शक्ति के प्र. टीकरण भारत के विकास में महिलाओं के योगदान पर स्मरण एवं मातृ देवों भाव की संकल्पना पर विचार प्रकट किए गए। मुख्य अतिथि रेखा चूड़ा समा ने कहा कि मां परिवार की ध्रुवि होती है। मां के अच्छे संस्कारों से ही अच्छा परिवार अच्छा समाज का निर्माण होता है। इतना ही नहीं इसी संस्कार से देश विष्व और सृष्टि का भी निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि सभी मां अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दें। अपनी दिनचर्या के साथ–साथ बालक के दिनचर्या में उसके शिक्षा में और खान–पान में ध्यान देने का काम करें। बालक पहली शिक्षा अपने मां से पाता है। इसके बाद विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करता है। मंदिर में आध्यात्मिक शिक्षा प्राप्त करता है। विशिष्ट अतिथि डॉक्टर प्रियंका श्रीवास्तव ने कहा कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए मातृशक्ति को बच्चों को अच्छे संस्कार देने की जरूरत है। मां में सृजन की क्षमता होती है वह परिवार समाज और विष्व का कल्याण करती है। वह ऐसी शिक्षा प्रदान करें कि आने वाली पीढ़ियां भी उनका अनुसरण करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही नगर पालिका परिषद बिंदकी की अध्यक्ष राधा साहू ने भी मातृशक्ति से आवाहन किया कि वह बच्चों में अच्छे से अच्छे संस्कार प्रदान करें। कार्यक्रम की संयोजिका अलखनंदा ने भी संबोधित किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य बलराम सिंह, देवेंद्र सिंह, दिनेश गुप्ता, प्रशांत किशोर, तुसार शर्मा, राकेश अग्निहोत्री, शिवशरन सक्सेना, आरती गुप्ता सहित तमाम लोग आयोजित कार्यक्रम में मौजूद रहे। इसके अलावा छात्र छात्राओं सहित अभिववक पुरूष महिलाओं सहित सभी लोग आयोजित कार्यक्रम में पहुंच कर बढ़ चढ़ करके हिस्सा लिया। कार्यक्रम समापन के दौरान विधालय के प्रधानाचार्य बलराम सिंह ने अभिभावकों से शिष्टाचार भेट करते हुए जलपान कराया।

## फांसी लगा युवती ने दी जान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। चांदपुर थाना क्षेत्र के दुर्गा का डेरा मजरे सहरन बुजुर्ग गांव में युवती ने घर के अंदर सन्दिग्ध अवस्था मे फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर लिया। हादसे की जानकारी परिजनों को हुई तो घर में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के दुर्गा का डेरा मजरे सहरन बुजुर्ग गांव निवासी संतोष कुमार की 22 वर्षीय पुत्री पूजा देवी ने घर के अंदर सन्दिग्ध अवस्था में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। परिजनों ने जब पूजा देवी को फांसी के फंदे से लटका हुआ देखा तो घर में हड़कम्प मच गया। सभी का रो–रोकर हाल बेहाल होता रहा। फोन कर घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# एडीएम ने पेंशनरों को शाल व माला पहनाकर किया सम्मानित

## - पेंशनरों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। अपर जिलाधिकारी (वि/रा) अविनाश त्रिपाठी अध्यक्ष



एवं समन्वयक वरिष्ठ कोषाधिकारी योगेश कुमार पांडेय ने पेंशनर दिवस का आयोजन विकास भवन सभागार में किया। जिसमे पेंशनर संघ के पदाधिकारी, समस्त विभागो के पेंशनर एवं कार्यालय अध्यक्षों ने प्रतिभाग किया।

अपर जिलाधिकारी ने सिविल पेंशनर रामराज वर्मा, बेसिक शिक्षा के वरिष्ठ पेंशनर अनंत कुमार तिवारी, श्याम सुंदर शुक्ला को शाल और माला एवं पेंशन संघ के अध्यक्ष कालीशंकर श्रीवास्तव व रशीद अहमद को भी माला पहना कर सम्मानित किया। पेंशनर दिवस में पेंशनरों द्वारा उठाए गए बिंदुओ को सुना और उनके निस्तारण की कार्यवाही के निर्देश दिए। बेसिक शिक्षा संघ के अध्यक्ष राशिद अहमद ने राज्य कर्मचारियों की भांति चिकित्सा प्रतिपूर्ति का लाभ एवं छठे वेतन आयोग के बकाए का भुगतान की मांग रखी। सिविल पेंशनर संघ के अध्यक्ष कालीशंकर श्रीवास्तव ने अनुरोध किया कि पेंशनरों से सम्मानपूर्वक व्यवहार किया जाए। विभागों में चिकित्सा प्रतिपूर्ति को स्वी.त करने में अत्यधिक समय लगता है उसे त्वरित रूप से स्वीकृत किया जाए। कार्यक्रम में आए हुए पेंशनरों का स्वस्थ्य परीक्षण एवं कैशलैस स्वास्थ्य कार्ड भी बनाए गए। कार्यक्रम के समापन पर सभी पेंशनरों ने कोषागार के कार्य एवं व्यवहार की प्रशंसा की और तालियों की आवाज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस मौके पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य जिला एवं प्रशिक्षण संस्थान, जिला कार्यक्रम अधिकारी, वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा एवं समस्त कोषागार कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# मांगों को लेकर भाकियू अराजनैतिक ने दिया धरना

## - सीएम को ज्ञापन भेजकर मांगों को पूरा किए जाने की उठाई आवाज

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के पदाधिकारियों ने जिले में चल रहे कुछ संगठनों को तथाकथित बताते हुए आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों की सक्रियता के विरोध में नहर कालोनी में धरना दिया। धरने के पश्चात सीएम को ज्ञापन भेजकर कार्रवाई किए जाने की मांग की। यूनियन के जिलाध्यक्ष राजकुमार सिंह गौतम की अगुवई में पदाधिकारियों ने नहर कालोनी में धरना दिया। धरने में वक्ताओं ने अपनी आवाज बुलंद की। तत्पश्चात कलेक्ट्रेट पहुंचकर सीएम को भेजे गए ज्ञापन में कहा गया कि वर्तमान समय में कुछ तथाकथित किसान संगठनों में ऐसे व्यक्ति पदों पर आसीन हो गए हैं जिनकी पृष्ठभूमि आपराधिक है। ये लोग किसान हितों की आड़ में व्यापारियों से अवैध धन उगाही, गरीबों की भूमि पर कब्जा, टोल प्लाजा पर अव्यवस्था, थानों पर अनावश्यक धरना प्रदर्शन कर पुलिस व प्रशासन पर दबाव बनाने



जैसे कृत्य कर रहे हैं। मांग किया कि ऐसे किसान संगठनों एवं उनके पदाधिकारियों की गहन जांच कराई जाए, जिनका आपराधिक इतिहास पाया जाए उन्हें चिन्हित कर उनके विरूद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाए, अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जाए, किसानों की फसलें जंगली व अन्ना मवेशियों से बर्बाद हो रही हैं। जानवरों को रोकने के लिए कटीली तारों की बाउण्ड्री के लिए 90 प्रतिशत अनुदान दिया जाए, गांवों में विद्युत विभाग द्वारा जबरियन स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं इसे रोका जाए, किसानों ने नलकूपों में विद्युत कनेक्शन के लिए लाखों रूपया विद्युत विभाग में जमा कर दिया। सात माह से हजारों किसान इंतजार में हैं पोल, तार, ट्रांसफार्मर नहीं मिल रहे। सामान तुरन्त दिलाया जाए। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह चौहान, अंकित सिंह चौहान, प्रीतम सिंह, दीपक गुप्ता, रंजीत यादव, विक्रम सिंह, रणजीत लोधी, भारत सिंह, दीपक शाह, बउवन शुक्ला, महेन्द्र भदौरिया भी मौजूद रहे।

# मौरंग घाटों से बंद कराई जाए ओवर लोडिंग : शिवचन्द्र

## - बालू व्यापारियों के लिए तय किया जाए मानक

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। व्यापार मंडल (कंछल गुट) के जिलाध्यक्ष



शिवचन्द्र शुक्ल ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा ओवर लोडिंग के खिलाफ की गई कार्रवाई काबिले तारीफ है, इसके बावजूद कुछ मौरंग खदानों से आज भी ओवर लोडिंग चल रही है। जिसे जिला प्रशासन तत्काल बंद कराए। साथ ही बालू व्यापारियों के लिए मानक भी तय किया जाए। व्यापार मंडल कंछल गुट के जिलाध्यक्ष शिवचन्द्र शुक्ल पदाधिकारियों संग कलेक्ट्रेट स्थित मीडिया जनसंपर्क कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि जिला प्रशासन की ओर से जिले में ओवर लोडिंग व इस खेल में शामिल अधिकारियों के खिलाफ की गई कार्रवाई पर धन्यवाद देते हैं। उन्होने कहा कि अभी भी कुछ मौरंग घाटों से वर्तमान में रात्रिकालीन ओवरलोडिंग चल रही है। इसके खिलाफ भी जिला प्रशासन को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, क्योंकि ओवरलोडिंग के चलते जिले के मार्गों की हालत बद से बदतर हो रही है। उन्होने कहा कि जिले में बहुत से छोटे व्यापारी बालू का व्यापार ट्रैक्टर के जरिए करते हैं। उनका भी एक मानक निर्धारित कर दिया जाए। जिससे वह अपना व्यापार सुचारू रूप से कर सकें। मानक के विपरीत बालू का व्यवसाय करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होने कहा कि ओवरलोडिंग के चलते सड़कें टूट रही हैं। जिसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है और दुर्घटनाओं का भी सबब बना रहता है। इस ओर जिला प्रशासन ध्यान दे। इस मौके पर महामंत्री जितेन्द्र सिंह उर्फ सोनू, जिला उपाध्यक्ष चौधरी राजेश यादव, भूप यादव, नरसिंह यादव, विपिन सिंह, सुरेश यादव, अनुपम शुक्ला भी मौजूद रहे।

# किसानों की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण करें निस्तारण : सीडीओ

## - किसान दिवस में विभागीय अधिकारियों ने योजनाओं की दी जानकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। उप .षि निदेशक सत्येन्द्र सिंह ने संचालन करते हुए गत बैठक में आयी शिकायतों के अनुपालन के संबंध में .षकों को अवगत कराते हुए शासन की लाभार्थीपरक योजनाओं की जानकारी दी। उद्यान निरीक्षक सुनील कुमार ने राष्ट्रीय .षि विकास योजना के अर्न्तगत टिश्यूकल्चर केला, आम, अमरूद एवं पपीता पर देय अनुदान तथा उन्नतशील खेती किये जाने हेतु कृषकों को जागरूक करते हुए तकनीकी जानकारी प्रदान की गयी। जिला .षि अधिकारी नरोत्तम कुमार ने अवगत कराया कि समस्त साधन सहकारी समितियों को रबी सत्र की फसल बुआई हेतु प्रत्येक समिति की मॉग के अनुसार उर्वरक का आवंटन कर उपलब्धाता सुनिश्चित करायी जा रही है। बैठक में .षक रमाकान्त पाण्डेय ने राजकीय नलकूप 44 बीजी के झुके विद्युत तार को खिंचवाए जाने की मॉंग की। त्रिवेणी शंकर निवासी जोनिहां ने किसान क्रेडिट कार्ड को संचालित किये जाने की मांग की। किसान रणविजय सिंह ने जिला गन्ना अधिकारी का जनपद में पद न होने के कारण कानपुर के गन्ना अधिकारी के पास अतिरिक्त प्रभार होने के कारण .षकों को समस्या होती है



उसे .ष्टिगत रखते हुए जिला गन्ना अधिकारी रायबरेली के कार्यक्षेत्र में जनपद को जोडने एवं धाता एवं खागा क्षेत्र के गन्ना उत्पादक .षकों की सुविधा के .ष्टिगत गन्ना समिति का मुख्यालय में स्थापित किये जाने की मांग की गयी। सीडीओ ने किसान दिवस में उपस्थित समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि .षकों द्वारा उपलब्ध कराये जा रहे समस्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापरक निस्तारण मौके पर जाकर करे। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी साधना दीक्षित के अलावा अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# करंट की चपेट में आकर राजगीर की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। खखरेरुं थाना क्षेत्र के रतनपुर गांव में घर के अंदर प्लास्टर करते समय बिजलीं के करंट की चपेट में आकर राजगीर की मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के रतनपुर गांव निवासी गणेशी का 33 वर्षीय पुत्र रामधनी घर में प्लास्टर कर रहा था। तभी उसकी बिजली के कटे हुए तार में दौड़ रहे करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। हादसे की जानकारी परिजनों को हुई तो घर में कोहराम मच गया। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# भाजपा हर बूथ में अपना वोट बढ़ाने का कर रही प्रयास : दयालू

## – वोटर लिस्ट बनने के बाद कोई गड़बड़ी मिलने पर होगा आंदोलन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिंदकी, फतेहपुर। समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण कार्य की तारीख बढ़ा रही है उसके पीछे कारण है कि भाजपा और सरकार प्रत्येक बूथ में अधिकारियों तथा बूथ लेवल ऑफिसर के माध्यम से 200 से 300 अपने वोट बढ़ाना चाहती है। बिंदकी



कस्बे के श्री रामलीला मैदान के समीप स्थित अपने आवास में बुधवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष रामेष्वर दयाल दयालू गुप्ता ने कहा कि एसआईआर फॉर्म भरने की तारीख बढ़ाने के पीछे भारतीय जनता पार्टी का उद्देश्य है कि प्रत्येक बूथ में अधिकारियों व बीएलओ के माध्यम से 200 से 300 वोट अपने बढ़ाना है लेकिन समाजवादी पार्टी इस प्रकार की सरकार और भाजपा की यह मंशा पूरी नहीं होने देगी। वोटरलिस्ट प्रकाशित होने के बाद आपत्ति प्रकट की जाएगी और उसे पर भी सुधार नहीं हुआ तो धरना प्रदर्शन आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में किसानों को अन्नदाता को यूरिया खाद नहीं मिल पा रही है, उसका धान केवल 1600 तथा 1700 में खरीदा गया है जिससे अन्नदाता घाटे में जा रहा है वह परेशान है इसलिए किसानो की समस्या को देखते हुए अन्नदाताओं को यूरिया खाद उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार मनरेगा का नाम भगवान रामचंद्र के नाम से करना चाहती है लेकिन इस देश को आजाद करने में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का बहुत बड़ा योगदान रहा है उसे कभी बुलाया नहीं जा सकता है ऐसी स्थिति में मनरेगा का नाम मनरेगा ही बने रहना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार भगवान श्री राम का नाम का राजनीति में प्रयोग कर रही है यह अच्छी बात नहीं है। प्रेस वार्ता के दौरान दीपू यादव व राजेंद्र यादव भी मौजूद रहे।

# धड़ल्ले से चल रहे ओवरलोड ट्रक-डंपर

## - नहीं थम रहा ओवरलोडिंग का सिलसिला

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। किशनपुर थाना क्षेत्र के संगोलीपुर मड़ैयन घाट पर खनन माफियाओं की मनमानी इस कदर बढ़ चुकी है कि कालिंदी नदी को चीरकर शक्ल तक बिगाड़ दी गई है। नियम–कानून को ताक पर रखकर दिन और रात धड़ल्ले से ओवरलोड ट्रैक्टर, ट्रक और डंपर फर्राटा भर रहे हैं। खनन माफिया भारी मशीनों का अवैध प्रयोग कर नदी का सीना छलनी कर रहे हैं। नतीजा यह है कि जहां कभी नदी बहती थी, आज वहां गहरे–गहरे गड्ढे नजर आ रहे हैं। पर्यावरण को हो रहे भारी नुकसान के साथ–साथ किसानों की खड़ी फसलें डंपरों और ट्रैक्टरों से बेरहमी से रौंदी जा रही हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग आंखें मूंदे बैठे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि खनन का यह खेल खुलेआम चल रहा है। दिन ढलते ही घाट पर मशीनों की गड़गड़ाहट शुरू हो जाती है और पूरी रात ट्रक–डंपर बालू लेकर निकलते रहते हैं। ओवरलोड वाहनों से गांव की सड़कों की हालत भी जर्जर हो चुकी है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय किसानों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

# उकाथू पावर हाउस के पीछे लावारिश मिला ट्रैक्टर

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। कोतवाली क्षेत्र के उकाथू गांव पावर हाउस के पीछे एक मैसी ट्रैक्टर लावारिश हालत में खड़ा मिलने से क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह ट्रैक्टर पिछले कई दिनों से उसी स्थान पर बिना किसी निगरानी के खड़ा है। न तो ट्रैक्टर का चालक मौके पर दिखाई दिया और न ही अब तक कोई व्यक्ति इसे लेने पहुंचा। ग्रामीणों का कहना है कि ट्रैक्टर की स्थिति देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि यह किसी किसान का ही है, जो किसी कारणवश इसे वहीं छोड़ गया होगा। कुछ लोगों का अनुमान है कि ट्रैक्टर में तकनीकी खराबी आ गई होगी या फिर चालक किसी आपात स्थिति में उसे छोड़कर गया होगा। वहीं कुछ लोग इसे चोरी या किसी अन्य घटना से भी जोड़कर देख रहे हैं। स्थानीय किसानों ने अपील की है कि जिस किसी किसान का यह मैसी ट्रैक्टर है, वह मौके पर पहुंचकर इसकी पहचान कर ले। पहचान के लिए ट्रैक्टर का नंबर, रंग और अन्य विशेषताओं की जानकारी ली जा सकती है। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि यदि समय रहते मालिक सामने नहीं आता है, तो ट्रैक्टर के साथ किसी तरह की अनहोनी की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। क्षेत्र के जिम्मेदार लोगों से भी मांग की गई है कि वे इस मामले को गंभीरता से लें और ट्रैक्टर के मालिक का पता लगाने में सहयोग करें। साथ ही, प्रशासन से आग्रह किया गया है कि सुरक्षा की .ष्टि से ट्रैक्टर की जांच कर आवश्यक कदम उठाए जाएं। फिलहाल किसानों से अपील है कि यदि यह ट्रैक्टर उनका है, तो जल्द से जल्द खागा–उकाथू पावर हाउस के पीछे पहुंचकर इसकी पहचान करें। कोतवाली प्रभारी रमेश सिंह पटेल ने बताया कि किसी ने कोई तहरीर नहीं दी।

# प्लेसमेंट शिविर में 103 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

## – 23 दिसंबर को राजकीय आईटीआई में होगा शिविर

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला सेवायोजन कार्यालय ने आरपी मिश्रा कालेज ऑफ फार्मेसी बक्सर मोड गुगौली में प्लेसमेन्ट शिविर का आयोजन किया। जिसमें 200 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। मेले में जनपद स्तर की प्राइम कनेक्ट सर्विसेज ने 17, ग्लेनमार्क लाइफ साइसेंज भरूच गुजरात ने 35, पुखराज हेल्थकेयर ने 36, ब्लिंकिट वेयरहाउस ने पांच एवं भारतीय जीवन बीमा निगम ने दस अभ्यर्थियों का चयन किया। कुल 103 योग्य अभ्यर्थियों के लिये चयन सम्बन्धी कार्यवाही की गयी। जिसमें कम्पनियों ने 7000 से 18000 तक प्रतिमाह वेतन पर चयन सम्बन्धी कार्यवाही की। कार्यक्रम का आयोजन जिला सेवायोजन अधिकारी के दिशा–निर्देशन में शशॉक पान्डेय प्रभारी प्लेसमेन्ट शिविर एवं प्रधानाचार्य डा० वीरेन्द्र कुमार यादव द्वारा सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में सेवायोजन कार्यालय के अनुराग श्रीवास्तव, संदीप एवं संस्थान से शैलेष यादव, रेहन, दीप्ती त्रिपाठी, अमित वर्मा, राधेश्याम, मो. सैफ, विवेक कुमार, प्रद्युम्न यादव, वैशाली देवी ने सहयोग प्रदान किया। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि आगामी 23 दिसंबर को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रातः दस बजे से प्लेसमेन्ट शिविर का आयोजन किया जाएगा।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )